दैनिक हिन्दी अख़बार
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 152 जयपुर, रविवार, 12 मई, 2024 । वैशाख, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### किडनी ट्रांसप्लांट प्रकरण में फॉर्टिस के 2 डॉक्टर अरेस्ट



**जयपुर।** रिश्वत लेकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, शुक्रवार को फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को डॉक्टरों के बारे में कई जानकारी मिली। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार को तीन अस्पतालों के डॉक्टरों से 6 घंटे अलग-अलग पूछताछ की थी। इसके बाद सर्जन संदीप गुप्ता और जितेन्द्र गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों डॉक्टर किराए के मकानों में मरीज देखने जाते थे।

### खराब डीप फ्रिज बेचने पर 2.15 लाख का हर्जाना



**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने दिव्यांग उपभोक्ता को खराब डीप फ्रिज बेचने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार देते हुए विक्रेता सालासर इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माता कंपनी ब्लू स्टार पर 2.15 लाख हर्जाना लगाया है। आयोग ने विक्रेता और निर्माता को यह भी निर्देश दिए हैं कि वह डीप फ्रिज की कीमत के तौर पर वसूले गए 29,500 रुपए परिवाद दायर करने की तारीख से 9% ब्याज सहित परिवादी को लौटाए। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश ओमप्रकाश के परिवाद को स्वीकार करते हुए दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**अफगानिस्तान में बाढ़ ने मचाई तबाही:** 1000 से अधिक घर बह गए

# 300 से अधिक लोगों की गई जान... सैकड़ों लोग घायल

### बदख्शां, बगलान, घोर और हेरात प्रांत सर्वाधिक प्रभावित

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के असर से बेमौसम बारिश हो रही है। अफगानिस्तान में असामान्य तौर पर भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 1,000 से अधिक घर बह गए। संयुक्त राष्ट्र (UN) फूड एजेंसी ने शनिवार को यह दावा किया। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक 11 मई को समंगन प्रांत के फिरोज नखचिर जिले में भारी बारिश हुई और फ्लैश फ्लड से इलाके में भीषण तबाही हुई। इसके बाद समंगन और मजार-ए-शरीफ़ के बीच लोग को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम ने शनिवार को कहा कि वह बाढ़ से बचे लोगों को बिस्कुट वितरित कर रहा है। यह बाढ़ पिछले कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी बारिश के बाद आई है।

मुजाहिद ने बदख्शां, बगलान,



घोर और हेरात प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि व्यापक तबाही के चलते काफी वित्तीय नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि पिछले माह भी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाएं हुईं। इनमें कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 2000 घर, तीन मस्जिदें व चार स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए थे। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। यहां के लोग अभी इससे उबर ही रहे थे कि फिर अचानक आई बाढ़ से हालत और ज्यादा खराब कर दी है।

### उत्तरी क्षेत्र बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित

बाढ़ की चपेट में आने से सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। तालिबान के एक अधिकारी ने सटीक आंकड़े दिए बिना शनिवार को यह जानकारी दी। देश का उत्तरी क्षेत्र बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया संस्थानों ने बाढ़ से कम से कम इन इलाकों में भी कई मौतें होने की खबर दी है।

### भारी आर्थिक नुकसान

तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "इस विनाशकारी बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है जबकि काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं।" मुजाहिद ने बदख्शां, बगलान, घोर और हेरात प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि "व्यापक तबाही" के परिणामस्वरूप "काफी वित्तीय नुकसान" हुआ है।

**एसीबी में 6 साल में आईं 38,778 भ्रष्टाचार की शिकायतें**

# 770 को माना सही... जांच की अनुमति मिली सिर्फ 86 में

- सरकारी विभागों के मुखियाओं ने 138 प्रकरणों में तो जांच के लिए एसीबी को मनाही ही कर दी
- 546 मामलों में विभागों के प्रमुख तय नहीं कर पा रहे कि स्वीकृति दें या नहीं

**ओम प्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को सभी सरकारी विभागों के मुखिया कारगर साबित नहीं होने दे रहे हैं। करप्शन के कानून में संशोधन भ्रष्टों के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। सरकारी विभागों के प्रमुख के साथ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अफसरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यह चौंकाने वाले तथ्य एसीबी के आंकड़ों की पड़ताल में सामने आए हैं। दरअसल, एसीबी में पिछले छह साल में आमजन द्वारा भ्रष्टाचार की 38,778 शिकायतें की है।

एसीबी ने इन शिकायतों की जांच पड़ताल के बाद महज 770 शिकायतों की जांच करना उचित माना है और संबंधित विभागों नए कानून के तहत पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ जांच करने और मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई करने की अनुमति मांगी है। इसमें खास बात है कि सरकारी विभागों के मुखियाओं ने एसीबी को इन मामलों में से केवल 86 मामलों में ही आरोपियों के खिलाफ जांच करने या फिर मुकदमा दर्ज करने की स्वीकृति दी है। जबकि 138 शिकायतों की तो अधिकारियों ने जांच के लिए एसीबी के अधिकारियों का मनाही कर दी। हैरत की बात है कि एसीबी के अधिकारी भी मनाही होने के बाद प्रकरण को मुख्य सतर्कता आयुक्त को भेजने के बजाय मामले को बंद कर दिया। एसीबी ने जिन आरोपियों के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी थी, उनमें से 546 मामले तो सरकारी विभागों के प्रमुख के पास अनुमति के इंतजार में पेंडिंग ही पड़े है। इससे साफ प्रतीत होता है कि विभागों के मुखिया अपने अधीनस्थ अधिकारी को भ्रष्टाचार के मामले में संजीवनी देकर बचाने में लगे हुए है।




### आईएएस व आरएएस अफसरों की भी नहीं मिल रही स्वीकृति

पड़ताल में सामने आया कि एसीबी द्वारा सरकारी विभागों के प्रमुख के पास भेजी गई 770 शिकायतों में से केवल 86 शिकायतों की जांच करने की स्वीकृति मिली है, जबकि 138 शिकायतों में मनाही हो चुकी है। जिन शिकायतों की स्वीकृति मिली है, उनमें से एसीबी ने 18 शिकायतों में परिवाद दर्ज किया है, जबकि 38 शिकायतों की प्राथमिकी जांच और 11 शिकायतों में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसीबी ने दो आईएएस व चार आरएएस अफसरों के खिलाफ पद के दुरूपयोग के मामले की जांच करने के लिए स्वीकृति मांग रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक जारी नहीं की है।

### तीन माह में देनी थी अनुमति एसीबी को

वर्ष 2018 में पीसी एक्ट की धारा 17ए में संशोधन किया गया था। नए कानून के तहत एसीबी के अधिकारियों को किसी अधिकारी की शिकायत मिलने पर पद के दुरूपयोग के मामले में संबंधित आरोपी अधिकारी उसके विभाग से जांच व मुकदमा दर्ज करने के लिए अनुमति लेने का प्रावधान बनाया था। एसीबी की मांग पर विभाग के प्रमुख को आरोपी के खिलाफ तीन माह के भीतर अनुमति देनी थी और विशेष परिस्थितियों में एक माह का समय और बढ़ाया जा सकने का प्रावधान था, लेकिन सालों बीतने के बाद भी विभागों के प्रमुख आरोपियों के खिलाफ अनुमति नहीं दे रहे हैं। अगर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राथमिकी जांच की अनुमति नहीं दी जाती तो एसीबी द्वारा प्रकरण को मुख्य सतर्कता आयुक्त के पास भेजना था। लेकिन एसीबी भी अनुमति नहीं मिलने पर मामले को बंद कर रही है।

**अदालत सख्त:** सेवा परिलाभों के संबंध में हाई कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं करने पर जवाब तलब

# रिटायर कर्मचारी को लाभ नहीं देने पर अफसरों को अवमानना नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

हाई कोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद भी रिटायर कर्मचारी को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं देने पर अतिरिक्त मुख्य राजस्व सचिव अपर्णा अरोड़ा, राजस्व मंडल, अजमेर के रजिस्ट्रार महावीर प्रसाद शर्मा सहित अन्य संबंधित अफसरों को नोटिस जारी कर जबाव तलब किया है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि अदालती आदेश की अवमानना करने पर क्यों ना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए।

जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश आरसी गुप्ता की अवमानना याचिका पर दिए।

एडवोकेट विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता राजस्व विभाग से निरीक्षक राजस्व लेखा पद से 30 जून 2013 को रिटायर हुआ। उसे एक जुलाई को होने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया। जिस पर उसने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।



### यह कहा गया था याचिका में

याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार ने रिवाइज्ड वेतन स्केल नियम 2008 व 2017 के जरिए प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि में एकरूपता के लिए सालाना वेतन वृद्धि की तारीख एक जुलाई तय की है। इस कारण जो कर्मचारी एक दिन पहले यानी 30 जून को रिटायर हो जाते हैं, उन्हें एक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिलता, जबकि सुप्रीम कोर्ट तय कर चुका है कि जिस कर्मचारी ने रिटायर होने से पूर्व एक साल तक काम किया है, उसे उस साल की वार्षिक वेतन वृद्धि मिलेगी। इसलिए उन्हें भी यह लाभ दिया जाए।

### यह दिया था आदेश

खंडपीठ ने अक्टूबर 2023 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को एक वार्षिक वेतन वृद्धि सहित अन्य सेवा परिलाभ देने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भी राज्य सरकार व संबंधित विभाग ने अदालती आदेश का पालन नहीं किया। जिसे याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका के जरिए हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए आदेश का पालन करवाने का आग्रह किया है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अवमाननाकर्ता अफसरों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# श्रीनगर में शहीद हुआ अलवर का अग्निवीर जवान... दी अंतिम विदाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के अलवर जिले के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के नवलपुरा गांव में शुक्रवार को अग्निवीर एक जवान की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि हुई। इस दौरान आसपास से भारी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद रहे। गांव के जितेन्द्र सिंह तंवर पुत्र स्वर्गीय मगन चंद तंवर श्रीनगर आर्मी में श्री पेरा एसएफ के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार अपराह्न जयपुर मुख्यालय से सूचना मिली कि जितेन्द्र के सिर में गोली लग जाने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पाकर



परिजनों ने पुनः आर्मी बटालियन श्रीनगर से संपर्क साधकर पुष्टि की गई।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा-जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में माँ भारती की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त अलवर जिले के नवलपुरा-मोरोड़ कलां निवासी भारतीय सेना के पैरा कमांडो जितेंद्र सिंह जी तंवर की शहादत पर विनम्र श्रद्धांजलि। दुःख की इस घड़ी में शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूँ।

**शुद्ध आहार-मिलावट पर वार... कोटा में बड़ी कार्रवाई**

# 6744 लीटर नकली घी (562 कार्टेन) सीज, नमूने भेजे जांच को

- कारखाने का खाद्य अनुज्ञा पत्र निलंबित
- बटर बनाया जा रहा था ऑयल से

**बेधड़क** | कोटा

प्रदेश राज्य सरकार द्वारा मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर आयुक्त इकबाल खान के नेतृत्व एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा निर्देशन में मिलावट के खिलाफ अभियान के अंतर्गत कोटा में मैसर्स बाल गोपाल डेयरी प्रॉडक्ट्स रानपुर इंडस्ट्रियल एरिया, कोटा पर खाद्य सुरक्षा टीम पहुंची। यहां मिले गोदाम के मालिक दिलीप सिंह ने इन्हें बटर ऑयल से बनाना बताया। मोके पर फूड लाइसेंस नहीं मिला, जिस वजह से अग्रिम आदेश तक बाल गोपाल डेयरी प्रॉडक्ट्स का खाद्य अनुज्ञा पत्र निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए गए तथा पेस्टकंट्रोल सर्टिफिकेट भी नहीं मिला। ना ही मौके पर वाटर ट्रीटमेंट सर्टिफिकेट मिला। गोदाम का औचक छापा मारने पर वहां 5 विभिन्न ब्रांड्स के घी मिले। गुडवेल शक्तिभोग के 158 कार्टन, सोरस ब्रांड के 252 कार्टेन, श्रीपरख घी के 10 कार्टेन व 18 पीपे 15 लीटर के, ग्वालकृष्णा घी के 64 कार्टेन, महाश्री घी के 60 कार्टेन मिले, जो कि बड़े ब्रांडों की नकल थे।





### सस्ती रेट में बेचते हैं नकली प्रॉडक्ट्स

मिलावट की आंशका पर सीज कर पांचों ब्राण्ड के 2-2 नमूने (कुल 10 नमूने) खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लेकर पूरा माल कुल 562 कार्टेन ( 6744 लीटर) घी सीज किया। मौके पर पाए गए सभी ब्रांड्स का घी सस्ती दर पर लगभग 350 रुपए में बेचना बताया गया। वहां से लिए गए 10 नमूनों में से जांच के लिए 5 नमूने खाद्य प्रयोगशाला कोटा और 5 नमूने जयपुर भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी । टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादोन व नितेश गौतम मौजूद थे।

**गुजरात-हरियाणा से मंगवाते मिलावटी घी:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि घी में क्या मिलावट रही है, किन चीजों से मिलाकर नकली घी बनाया गया है, यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। आमतौर पर डालडा,तेल, एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। आजकल नया ट्रेंड चल रहा है, जिसमें गुजरात और हरियाणा से टैंकर भरकर बना बनाया मिलावटी घी मंगवाया जाता है।

**ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में होती थी सप्लाई:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि फर्म की तरफ से बाजार में घी अलग-अलग पैकिंग में सप्लाई किया जाता था और चार सौ रुपए लीटर में बाजार में बेचा जा रहा था। आमतौर पर साधारण घी की कीमत भी सात सौ रुपए से कम नहीं है। करीब एक साल से ज्यादा समय से यह माल सप्लाई हो रहा है। ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई होती थी। काउंटिंग के अनुसार करीब 24 लाख का माल सीज किया गया है।

## जरूरी खबर

### क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र में मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस



**जयपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं मोईनी फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर के शास्त्रीनगर स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र में विभिन्न कार्यक्रमों हुए। क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र के सहायक निदेशक कैलाश मिश्रा ने बताया कि इस मौके पर कार्यशाला की अध्यक्षता शासन सचिव वी. सरवन कुमार ने की। समारोह को मोईनी फाउंडेशन के चीफ मेंटर अरविन्द थानवी आदि ने संबोधित किया। विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने एक रोबोटिस प्रदर्शनी लगाई।

### चुनाव के 132381 ई पोस्टल बैलेट किए डाउनलोड

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव में राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 140907 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं, इनमें से 132381 मतदाताओं ने इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट डाउनलोड किए हैं, जबकि अब तक कुल 60353 सेवा मतदाताओं के इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। इलेक्ट्रॉनिक सेवा मतदाताओं को ये पोस्टल बैलेट भारत निर्वाचन आयोग के इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम (इटीपीबीएमएस) के द्वारा भेजे गए हैं। सेवा मतदाताओं द्वारा अपना मत अंकित कर यह डाक मतपत्र स्पीड पोस्ट से रिटर्निंग अधिकारी को भेजे जाते हैं।

### बकाया जल प्रभार शुल्क पर 31 मई तक सौ फीसदी छूट



**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से बकायादारों को राहत प्रदान करने के लिए एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति में आगामी 31 मई तक एक मुश्त जमा कराए जाने पर शत-प्रतिशत छूट मिलेगी। जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि कई वर्षों से पानी का बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत निआर्थिक रूप से संबल मिल रहा है। उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। ब्याज एवं शास्ति में यह छूट समस्त श्रेणी के पेयजल उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे मिल रहा है।

**भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता में** राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने गहलोत और कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस को लोस में विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ बीजेपी नेता घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ को लेकर गहलोत का बयान उनकी हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ देश में लोकमत परिष्कार का काम कर रही है, और निस्वार्थ भाव से किया गया यह काम अपने आप में बड़ा काम है।

वहीं तिवाड़ी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार भी किया है। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि अशोक गहलोत की खीज और हताशा साफ दर्शाती है कि उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने गहलोत को सम्मान नहीं दिया। जब वे रायबरेली राहुल गांधी के नामांकन में जा रहे थे तो कांग्रेस ने उन्हें वापस बुलाकर अमेठी भेज दिया। खुद के घर के झगड़े का गुस्सा भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं। तिवाड़ी जयपुर बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।




### कांग्रेस ने पहले राउंड में मान ली थी हार

तिवाड़ी ने कहा कि मोदी की गारंटी केवल एक व्यक्ति की गारंटी नहीं है, बल्कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की गारंटी है। आज बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा का कोई सानी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहले राउंड में अपनी हार पहले ही मान ली थी, इसलिए कांग्रेस पार्टी के लोग मतदान करने नहीं आए। कांग्रेस के पोलिंग बूथ खाली रहे और भाजपा के प्रत्येक बूथ पर पूरा मतदान हुआ। चुनाव परिणाम आने पर तस्वीर साफ होगी और यह साफ है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। वहीं, कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी।

### रणनीति से आए पित्रोदा और अय्यर के बयान

तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खास रणनीति के तहत मणिशंकर अय्यर और सैम पित्रोदा जैसे लोगों को अपना प्रमुख प्रवक्ता बनाया है। ये प्रवक्ता भारत को तोड़ने और कमजोर करने वाले बयान देते हैं। वहीं, दूसरी और पाकिस्तान को मजबूत राष्ट्र बताकर भारत को ही धमकाने का काम करते हैं। इन प्रवक्ताओं का मकसद विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहित करके वोट बटोरना है।

### अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करने के लिए चलाती है एजेंडा

तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती है। इन नेताओं की मदद से कांग्रेस पाकिस्तान को मजबूत बताकर देश में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करती है। ये सब एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जाता है। इसके बाद जैसे ही इन बयानों पर देश में विरोध होता है तो कांग्रेस खुद को इन बयानों से दूर रखकर किनारा कर लेती है। इन दोनों प्रवक्ताओं का बयान कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता का प्रदर्शन करते हैं।

**महाराष्ट्र में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में बोले सीएम**

# नस्लभेद की राजनीति से समाज को बांटने की कोशिश में कांग्रेस




**बेधड़क** | खड़केश्वर (औरंगाबाद)

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी और उनके सिद्धांतों की बातें करने वाली कांग्रेस पार्टी जातिवाद, क्षेत्रवाद और प्रांतवाद के बाद अब नस्लवाद की राजनीति पर भी उतर आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा देश के अलग-अलग क्षेत्रों के निवासियों के बारे में नस्लभेद संबंधी टिप्पणी करना समाज को बांटने की कोशिश है। मुख्यमंत्री शनिवार को महाराष्ट्र के खडकेश्वर में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नक्सलवाद का बोलबाला था।

तुष्टिकरण के आधार पर सरकारें चलती थीं, जिससे देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आया बदलाव सबने देखा है। उनके नेतृत्व में देश आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चाहे गरीब कल्याण की बात हो या विकास की, देश की सुरक्षा का मुद्दा हो या सम्मान का, मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान किया कि वे देश को और आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी को मजबूत करें और तीसरी बार भारी बहुमत से भाजपा गठबंधन की सरकार बनवाएं।

### भाजपा ने 2014 से 2019 तक पूरे सभी वादे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अफवाह फैलाने का काम करती है और झूठ और लूट का सहारा लेती है। कांग्रेस के घोषणा पत्रों में झूठ के सहारे जनता को बरगला कर वोट प्राप्त करने की कोशिश की जाती है जबकि मोदी जी जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने छत्रपति संभाजी नगर लोकसभा सीट से भाजपा-शिवसेना गठबंधन के प्रत्याशी संदिपानराव भुमरे को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने वर्ष 2014 और 2019 में किए गए सभी वादों को पूरा किया है और तीसरी बार सरकार बनने पर 2024 के घोषणा पत्र को भी पूरी तरह लागू किया जाएगा। शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें राजस्थान सरकार से जो भी आशाएं और उम्मीदें हैं उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा तथा सरकार उनकी सभी समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास करेगी।



## PM के नेतृत्व में आतंकवाद पर लगा अंकुश: शर्मा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आम जनता ने वर्ष 2014 से पहले के कुशासन को देखा है। मुंबई- पुणे ने आंतकी घटनाओं के दंश को झेला। लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में सरकार बनने के बाद देश में आतंकवाद और नक्सलवाद पर अंकुश लगा और पुलवामा हमले के बाद देश ने आतंकियों को दिए गए मुंहतोड़ जवाब को देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। उनके शासन में एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार हुआ। टुकड़े-टुकड़े गैंग और कांग्रेस पार्टी इन चुनावों में झूठ बोलकर देश को दिशाहीन बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश में गरीब कल्याण के लिए योजनाएं चलाई। उनके नेतृत्व में राष्ट्र ने विकास की योजनाओं से लेकर सीमा सुरक्षा और दुनिया में देश के गौरव बढ़ने के कामों को देखा है। शर्मा ने कहा कि मोदी जी जब विकास के लिए केन्द्र से 100 रुपये भेजते हैं तो धरातल पर वह पूरा खर्च होता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश में मोदी जी के नेतृत्व में गरीब आदमी का बैंक में खाता खुला और 12 रुपये में गरीब का दुर्घटना बीमा भी संभव हो पाया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। यह चुनाव दुनिया में भारत की ताकत दिखाने का चुनाव है।

### प्रत्याशी यामिनी के पक्ष में मांगे वोट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को दक्षिण मुंबई में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) गठबंधन प्रत्याशी यामिनी जाधव के समर्थन में राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित किया और उन्हें अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट अवश्य करें। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से पहले मतदान, फिर जलपान का आह्वान किया।

### एसआईटी ने 100 लोगों को गिरफ्तार किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री ने बड़े काम किये हैं। हमारी सरकार बनने के बाद मोदी जी ने जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए ईआरसीपी योजना की स्वीकृति, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौते की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार में 17 पेपर लीक होने से युवाओं के सपने चकनाचूर हुए, हमने दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए एसआईटी गठित कर 100 लोगों को गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि हमारी सरकार उनकी हर आशाओं को पूरा करेगी।

**ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के एसीएस ने दिए निर्देश**

# एक जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा पौधारोपण अभियान



**बेधड़क** | जयपुर

अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार ने आगामी मानसून सीजन में प्रदेश में सघन पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय के समिति कक्ष द्वितीय में इस संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अपने जिले के जिला वन अधिकारी से समन्वय कर अन्य विभागों के सहयोग से 25 मई तक आवश्यक रूप से कार्ययोजना तैयार करें।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक मैदान, सड़क के किनारे आदि में खाली भूमि पर स्थानीय जलवायु के अनुकूल प्लांटेशन किया जाए। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों जैसे पंचायती राज, वन, शिक्षा ,मनरेगा, जल संसाधन, नगर निगम, हॉर्टिकल्चर, राजीविका आदि को साथ मिलकर इसे सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए।

अभय कुमार ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि न केवल पौधे लगें बल्कि पनपें भी। पौधे लगाने से पूर्व हर एक पौधे की जिओ टैगिंग, पौधरोपण स्थल की फेंसिंग, पौधों की पर्याप्त उपलब्धता एक जून से 30 जून तक सुनिश्चित करें। साथ ही सभी जिलों में एक जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान क्रियान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

कृष्ण कुणाल शासन सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा कि इस अभियान में परिवारों और समाज की जोड़ने की कोशिश करें। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि नवाचार कर आमजन को पौधारोपण के लिए प्रेरित करे। हर विद्यालय के नोडल अधिकारी विद्यार्थियों को पौधा लगाने को प्रोत्साहित करें और मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड और मोबाईल एप की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## शिक्षा मंत्री ने जन्मदिन पर गोमाता की पूजा

**जयपुर।** प्रदेश के शिक्षा और संस्कृत शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर का शनिवार को जन्मदिवस सिविल लाइन्स निवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंत्री मदन दिलावर को बधाई देने के लिए समर्थकों और कार्यकर्ताओ का सुबह से शाम तक तांता लगा रहा। मंत्री दिलावर ने सुबह अपने जयपुर स्थित निवास पर सबसे पहले पहले गौ माता और बछड़े की पूजा की। अपने निवास 18, सिविल लाइंस पर काम करने वाले स्वच्छकार दंपत्ति का सम्मान किया एक वस्त्र भेंट किए। इसके बाद मंत्री अपने परिवारजनों के साथ आराध्य गोविंद देव मंदिर पहुंच कर भगवान का सपत्नीक पूजन आरती की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

**सांचौर में हनुमंत कथा में मीडिया में बोले पंडित धीरेंद्र शास्त्री**

# संविधान में 125 बार संशोधन हुए, हिंदू राष्ट्र के नाम एक बार और सही



- धीरेंद्र शास्त्री बोले-भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा, यह मेरा संकल्प

**बेधड़क** | सांचौर

पंडित धीरेंद्र शास्त्री सांचौर में हनुमंत कथा, दिव्य दरबार एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शिरकत कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। इसमें उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना ही है और ये बनकर ही रहेगा। 125 से ज्यादा बार भारत के संविधान में संशोधन हो चुका है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए एक बार और सही। ये बातें पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सांचौर में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। पांच दिवसीय हनुमंत कथा के दौरान वे दिव्य दरबार भी लगाएंगे। इस दौरान उन्होंने अपने कथा के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव और हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर खुलकर बयान दिया।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि, भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात सिर्फ मेरी टिप्पणी नहीं है, ये मेरा संकल्प है। भारत को एक दिन हिंदू राष्ट्र बनकर रहना है। ये राजस्थान की धरती वीरों की धरती है, जिस दिन युवाओं ने ठान लिया भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। इसे कोई रोक नहीं सकता है।

### पूर्व समय में राम कहने पर राक्षसों में उत्पात मचता था

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि, हम सबके हैं। साधु किसी एक का नहीं होता। नदी किसी एक की नहीं होती। सूर्य किसी एक का नहीं होता। चंद्रमा किसी एक का नहीं होता। वैसे ही गुरु किसी एक का नहीं होता। गुरु सबका होता है, हम भी किसी एक के नहीं है। देखिए, पूर्व समय में राम कहने से राक्षसों में उत्पात मचता था। आज भी लोगों में उत्पात मच रहा है तो मचने दो। आज हमें कौन किस दृष्टि से देखता है, कोई साधु देखता है, कोई गुरु देखता है, कोई पाखंडी देखता है। क्योंकि नजर तुम्हारी है, तुम जो भी बोलो भगवान करे SAME TO YOU...!

### नेपाल के ‘हिंदू राष्ट्र मुद्दे’ पर दिया था बयान

पिछले साल अगस्त में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने नेपाल के हिंदू राष्ट्रीयता पर बयान दिया था। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा था कि नेपाल हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और नेपाल हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। धीरेंद्र शास्त्री का ये बयान भी काफी चर्चित रहा। धीरेंद्र शास्त्री ने 19, 20 और 21 अगस्त को नेपाल में रामकथा सुनाई थी।

## जरूरी खबर

### भारत गौरव यात्रा ट्रेन एक जून को होगी रवाना



**जयपुर।** आईआरसीटीसी अब भारत गौरव यात्रा ट्रेन से सात ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा शुरू करने जा रहा है। यह ट्रेन 1 जून को जयपुर से रवाना होगी। यह अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर होते हुए जाएगी। 11 दिनों की इस यात्रा में तीन राज्यों मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के सात ज्योतिर्लिंग नागेश्वर (द्वारिका), सोमनाथ, त्रयम्बकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर के दर्शन होंगे। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का यह रेक पूरी तरह 3rd एसी श्रेणी का होगा। यात्रा को दो केटेगरी 'स्टैण्डर्ड केटेगरी' और 'कंफर्ट केटेगरी' में बांटा किया गया है। इसमें ट्रेन, रूम्स और बस सब में एसी की सुविधा दी जाएगी।

### बकाया जल प्रभार शुल्क एक मुश्त जमा कराने पर छूट

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बकायादारों को राहत प्रदान करने के लिए एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति में आगामी 31 मई तक एक मुश्त जमा कराए जाने पर शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि कई वर्षों से पानी का बिल जमा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत निश्चित तौर पर आर्थिक रूप से संबल मिलेगा। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी स्कीम का लाभ लेने पर उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। ब्याज एवं शास्ति में यह छूट समस्त श्रेणी के पेयजल उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति पर ही लागू होगा।

नर्सेज सम्मेलन में बोले सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ

# आज के नर्सेज निभा रहे हनुमान की भूमिका: विनायक



**बेधड़क । जयपुर**

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा कि त्रेता युग में जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए तब सुषेण वैद ने हनुमान जी को संजीवनी बूंटी लाने को कहा। उस वक्त महावीर हनुमान ने नर्स का काम किया और तभी से यह सिलसिला शुरू हुआ। द्वापर युग में कुरुक्षेत्र में जब युद्ध के वक्त अर्जुन को विषाद हुआ तो श्री कृष्ण ने अर्जुन को मानसिक रूप से युद्ध लड़ने के लिए तैयार किया। कलयुग में आप सब भी हनुमान और श्री कृष्ण की तरह काम कर रहे हैं। लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार कर रहे हैं। आप सभी ने कोविड के समय डट कर मुकाबला करते हुए जनता का उपचार किया, जिसके लिए आने वाली पीढ़ियां आपको याद रखेंगी। जैसे मनुष्य के अंदर आत्मा रूपी राम बसे हैं, आप सभी उसी आत्मारूपी राम की हनुमान बनके सेवा करते हैं। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वे शनिवार को दीप स्मृति सभागार में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्य की 46 नर्सेज को सम्मानित किया गया।




### 2000 नर्सेज ने लिया कार्यक्रम में भाग

प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पूरे देश और राजस्थान से करीब 2000 नर्सेज ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सच वेधड़क के फाउंडर विनायक शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार शशिकांत शर्मा रहे। फर्स्ट एड मेनेजमेंट और डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग एसडीआरएफ की टीम द्वारा करवाई गई, जिससे हजारों नर्सेज को सीखने का अवसर मिला।

श्याम नगर इलाके में बेटे के सामने मां की हत्या, क्यों मारा अभी राज

# चाकू से पत्नी का गला काटा और खुद ही पहुंच गया थाने

## आरोपी को डिटेन कर थाने ले आई पुलिस, एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

**बेधड़क । जयपुर**

श्याम नगर इलाके में शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना हुई। यहां पर एक व्यक्ति ने बेटे के सामने चाकू से अपनी पत्नी का गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद वह थाने पहुंचा और ड्यूटी ऑफिसर से बोला- मैंने पत्नी का गला काटकर उसे मार दिया है। इसके पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में लहूलुहान हालत में महिला का शव मिला। हादसे के बाद से मृतका का बेटा इतना डरा हुआ है कि वह अभी कुछ भी बताने की हालत में नहीं है। सीआई कैलाश चंद मीणा ने बताया कि काजल सरकार (35) निवासी पश्चिम बंगाल, पत्नी प्रीति सरकार (32) के साथ श्याम नगर में रह रहा था। शनिवार सुबह 7 बजे काजल पत्नी की हत्या कर थाने पहुंच गया। घटना के समय प्रीति का पहले पति से हुआ 10 साल का बेटा भी मौजूद था। वह घबराकर भाग गया जो पुलिस के आने पर घर पहुंचा। बच्चा इतना घबराया हुआ है कि अभी कुछ नहीं बता पा रहा है।




### पति-पत्नी में 3 दिन से चल रहा था झगड़ा

सीआई के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका प्रीति के साथ 3 दिन से झगड़ा चल रहा था। सुबह भी उसका पत्नी से झगड़ा हुआ था। इस दौरान उसने चाकू से प्रीति का गला काट दिया और फिर पेट में वार कर उसकी हत्या कर दी। हालांकि, झगड़े का मुख्य कारण आरोपी अभी तक नहीं बता पाया है।



### पुलिस पहुंची तो लहुलुहान पड़ी थी महिला



ड्यूटी ऑफिसर करीब 7:30 बजे काजल को अपने साथ लेकर मौके पर पहुंचा तो वहां प्रीति सरकार का शव खून से लथपथ मिला। उसके गले और पेट में चाकू से वार किए गए थे। इस पर पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया और थाने ले आई। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया। इसके बाद प्रीति की डेडबॉडी को एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

वॉट्सएप ग्रुप में मैसेज पर हुआ झगड़ा

# इधर, चाकू मारकर मौसेरे भाई की ही कर दी हत्या

**बेधड़क। जयपुर**

वॉट्सएप ग्रुप पर मैसेज को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की उसी के मौसेरे भाइयों ने सीने में चाकू घोंप कर हत्या कर दी। पुलिस फरार हत्यारों की तलाश कर रही है। एसएचओ जयसिंहपुरा खोर राजेश मीना ने बताया कि कानपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी सलमान अंसारी (25) पुत्र आफताब की हत्या हुई है। करीब 1 साल से सलमान अंसारी नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर में रह रहा था। वह प्रताप नगर स्थित एक टेलीकॉम कंपनी में जॉब कर रहा था। सलमान अंसारी के घरवालों ने वॉट्सऐप पर खान परिवार के नाम से ग्रुप बना रखा है। पिछले काफी दिनों से सलमान के मौसेरे भाई असलम, जमीर, साहिल आदि ग्रुप पर गलत मैसेज डाल रहे थे। वॉट्सऐप मैसेज को लेकर मौसेरे भाइयों से सलमान का झगड़ा हुआ था। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे सलमान अपने साथी शाहरुख सहित 6 लोगों के साथ मौसेरे भाइयों को समझाने गया था। नाई की थड़ी स्थित 60 फीट रोड पर दोनों पक्षों में वॉट्सऐप मैसेज को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते झगड़ा बढ़ने पर असलम ने चाकू निकाला और सलमान के सीने में घोंप दिया।

सामूहिक आरती कार्यक्रम

## परशुरामजी का पंचामृत अभिषेक



**बेधड़क। जयपुर**

आगरा रोड स्थित सूर्या सिटी स्थित परशुराम सर्किल पर भगवान परशुराम जी का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद सामूहिक आरती की गई। इस मौके पर सूर्या सिटी अध्यक्ष विष्णु दत शर्मा, सचिव मुकेश शर्मा, वार्ड नंबर 124 पार्षद व जिला महामंत्री भाजपा कैलाश जटवाड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट भी शामिल, यात्री हुए परेशान

# दिल्ली में आंधी, 8 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट

**बेधड़क । जयपुर**

दिल्ली में बीती रात तेज आंधी का असर जयपुर में देखने को मिला। दिल्ली उतरने वाली 8 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया। इसमें एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट भी शामिल है। जो शारजाह से दिल्ली आई थी, लेकिन इसे शनिवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। इस कारण कई यात्रियों को परेशानी हुई।

वहीं, भुवनेश्वर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को भी जयपुर डायवर्ट किया गया। दो घंटे बाद जब विमान को वापस रवाना करने की अनुमति मिली तो विमान में तकनीकी खामी आने के कारण उसे दिल्ली रवाना नहीं किया गया।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में खराब मौसम की वजह से भुवनेश्वर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-560 को रात 11 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया। इस विमान में करीब 130 यात्री सवार थे। दिल्ली में मौसम ठीक होने और एटीसी की क्लीयरेंस मिलने के बाद विमान को रात 12:50 बजे उड़ान भरने की अनुमति दी गई, लेकिन तभी विमान में कोई तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान उड़ान नहीं भर सका। करीब एक घंटे तक विमान उड़ान नहीं भरा तो यात्रियों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान यात्रियों ने एयरपोर्ट प्रशासन और एयरलाइन्स कंपनी से दूसरे विमान का अरेंजमेंट करके दिल्ली ले जाने की मांग की। इसके बाद दूसरे विमान से भेजा गया।

इस फ्लाइट के अलावा बैंगलुरू, कोलकाता, मुंबई, जम्मू और शारजाह की फ्लाइट को भी डायवर्ट किया गया।

## राज्यपाल ने की महाआरती



***जयपुर।*** *राज्यपाल कलराज मिश्र शनिवार को राजस्थान ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित परशुराम जी की शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने बड़ी चौपड़ पर भगवान की महाआरती की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि न्याय के देवता परशुराम जी साहस और आत्मबल देने वाले चिरंजीवी हैं। वह शस्त्र और शास्त्र की भारतीय संस्कृति के संवाहक है।*

ग्रेटर निगम ने लगाया ग्रीन शेड, जल्द ही अन्य जगह भी होगी व्यवस्था

# रामबाग चौराहा ट्रैफिक सिग्नल पर अब धूप में नहीं होना पड़ेगा परेशान

**बेधड़क । जयपुर**

अगर आप जयपुर में हैं और वह भी ग्रेटर निगम के इलाके में तो अब आपको लाल बत्ती के दौरान ट्रैफिक सिग्नल पर धूप में परेशान नहीं होना पड़ेगा। वहां भी आपको शीतल छाया मिले इसका इंतजाम निगम ने करना शुरू कर दिया है। पहल शनिवार को रामबाग चौराहे से की गई। यहां बड़ा ग्रीन शेड लगाकर छांव का प्रबंध किया गया है। इससे न केवल सिग्नल पर रुकने वाले दुपहिया वाहन चालकों को धूप से राहत मिली है बल्कि टैफिक पुलिस के जवानों को भी आराम मिला है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत के निर्देश पर नगर निगम ग्रेटर की कमिश्नर रुक्मणी रियाड़ ने रामबाग चौराहे पर यह व्यवस्था करवाई। जल्द ही नगर निगम प्रशासन शहर के अन्य चौराहों और ट्रैफिक सिग्नल पर भी इस तरह की व्यवस्था करने पर विचार कर रहा है।



फोटो: पंकज शर्मा

### 44 डिग्री तक पहुंच गया है पारा

गौरतलब है कि इन दिनों जयपुर में गर्मी से तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बड़े ट्रैफिक सिग्नल पर भीड़ ज्यादा होने के कारण कई बार एक गाड़ी को दो बार सिग्नल ग्रीन होने पर भी क्रॉसिंग नहीं मिलती। इसके कारण कई बार वाहन चालकों को किसी बिंदु पर 2 मिनट या उससे ज्यादा समय तक खड़ा रहना पड़ता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों और साइकिल या पैदल चलने वाले लोगों को होती है।

### पुलिस को भी रास आ रही व्यवस्था

जयपुर शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक की व्यवस्था देखने वाले पुलिस के जवानों को भी इस व्यवस्था से काफी राहत मिली है। कई जगह धूप में खड़े होकर ट्रैफिक को कंट्रोल करने वाले इन जवानों को इस ग्रीन छत के लगने से तेज धूप मैं ज्यादा लंबे समय तक खड़ा नहीं होना पड़ेगा।



## जरूरी खबर

### लूट के आरोपी हिस्ट्रीशीटर व दो साथी गिरफ्तार



**झालावाड़।** झालावाड़ जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के खण्डिया चौराहे से बुधवार को एक युवक का अपहरण कर दुर्गपुरा रोड ईदगाह के पास सुनसान जगह ले जाकर मारपीट कर 39 हजार रुपये की लूट की वारदात के आरोपी हिस्ट्रीशीटर अख्तर अली निवासी निम्बारी गेट झालरापाटन और उसके दो साथी शहनवाज उर्फ शानू एवं साबिर उर्फ शिब्बू पुत्र पीलखाना मोहल्ला झालावाड़ को गिरफ्तार कर लूट की पूरी रकम बरामद की।

### पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान शुरू



**सीकर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चुवास में विद्यालय के प्रिंसिपल ओमप्रकाश और सरपंच प्रतिनिधि राकेश पटवारी के सानिध्य में विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए 11 परिंडे लगाए गए। पर्यावरण प्रेमी योगेश शर्मा ने बताया कि पांच परिंडे विद्यालय परिसर में और 6 परिंडे मुक्तिधाम में हमारे अभियान का गांव—गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर हुआ सेमिनार



**भानपुर कलां।** दिल्ली रोड स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी की जयपुर नर्सिंग कॉलेज की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस "इकोनोमिक पॉवर ऑफ केयर'' विषय पर सेमिनार का किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन रिटायर्ड आईएएस के.एल. मीना, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विकास जैफ, वाईस चेयरपर्सन डॉ. विशाल जैफ एवं प्रेसीडेंट डॉ. मनोहर भट्ट ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। प्राचार्य एवं डीन डॉ. योगेश यादव ने ''अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस'' विषय पर आयोजित सेमिनार पर विस्तृत चर्चा की तथा विद्यार्थियों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थी एवं स्टॉफ मौजूद रहे।

---

**मुंडावर उपखंड के गांव कादर नगला की** शहीद श्याम सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की कायापलट

# खुद की कमाई से शिक्षकों ने बदल डाली स्कूल की तस्वीर...

बेधड़क | खैरथल

खैरथल जिले के मुंडावर उपखंड के गांव कादर नगला में शहीद श्याम सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों ने अपने निजी खर्चे से बदहाल स्कूल की सूरत बदल डाली है। जहां कभी कोई ग्रामीण 10वीं कक्षा से ऊपर नहीं पढ़ा वहां आज गांव के छात्र सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

यहां प्रधानाध्यापक सुमित यादव ने 2012 में जब पद ग्रहण किया तब स्कूल की स्थिति अच्छी नहीं थी। इस छोटे से गांव में शिक्षा के प्रति बच्चों का रुझान कम था। माता-पिता बच्चों को स्कूल में भेजते भी नहीं थे। घर-घर जाकर उन्होंने शिक्षा के प्रति बच्चों को मोटिवेट किया। बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया। इसके बाद अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल में भेजना शुरू कर दिया। आज अच्छी संख्या में नामांकन है।



### प्राइवेट स्कूल जैसी सुविधाएं दी जा रही

कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सुमित यादव ने बताया कि उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय में कई प्रकार के पौधे लगवाएं। पूरी तरह से इस सरकारी विद्यालय में प्राइवेट विद्यालयों जैसी सुविधाएं मुहैया करवाईं। भामाशाहों से सहयोग को लेकर भी कई बार बात की गई, लेकिन विद्यालय विकास को लेकर किसी भी भामाशाह का सहयोग नहीं मिला। तब, विद्यालय के ही शिक्षकों ने अपनी-अपनी कमाई से स्कूल के विकास में सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया।

### निजी खर्चे पर शैक्षणिक भ्रमण करवाया

विद्यालय परिसर में मां सरस्वती मंदिर का निर्माण व बारिश के पानी के संग्रहण के लिए पाइप लाइन डालकर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया। पहले असामाजिक तत्व विद्यालय की छुट्टी के बाद स्कूल प्रांगण में शराब पीते और जुआ खेलते थे। उस पर पूर्ण लगाम लगाने के लिए चारदीवारी की गई। स्कूल स्टाफ के सहयोग से संपूर्ण विद्यालय परिसर और गांव की गोचर भूमि पर वृक्षारोपण करवाया गया। विद्यालय की पूरी बिल्डिंग पर प्लास्टिक पेंट और आकर्षक पेंटिंग बनवाई गई। उन्होंने बताया कि लगातार दो वर्षों से शिक्षकों के निजी खर्च से बच्चों को शैक्षिणक भ्रमण पर ले जाया जा रहा है।

### ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी

बच्चों में स्किल डवलपमेंट करने के लिए हर सप्ताह ड्राइंग व पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसकी संपूर्ण सामग्री प्रधानाध्यापक की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। इन पेंटिंग्स और मॉडल को सभी कक्षाओं में सौंदर्य पूर्ण तरीके से लगाया गया। बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने के लिए पूरा स्टाफ स्वयं भी एक निश्चित यूनिफॉर्म में विद्यालय आता है। सतत प्रयासों से पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया। सुलभ शौचालय बनाए गए। विशेष बात यह है कि यह सभी कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सुमित कुमार यादव और उनके संपूर्ण स्टाफ ने मिलकर किया है।

---

**दरवाजा काटकर घायलों को निकाला कार से बाहर**

# बेकाबू कार के गड्ढे में गिरने से दादा -पोते की मौत, बहू घायल

बेधड़क | नागौर

शहर के जोधपुर रोड पर कुचेरा गांव के पास कार हादसे में बुजुर्ग और पोते की मौत हो गई। जबकि बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। कार बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्डे में जा गिरी। मौके पर जुटे लोगों की मदद से पुलिस ने कार का दरवाजा काटकर घायलों को निकाला और कुचेरा सीएचसी पहुंचाया पहुंचाया। यहां दादा-पोते को मृत घोषित कर दिया गया और महिला को जोधपुर रेफर कर दिया गया। कुचेरा पुलिस के अनुसार सफेद रंग की हुंडई कार में मेड़ता सिटी थाना इलाके के गांव देशवाल (नागौर) निवासी रतनाराम प्रजापति (65), उनकी बहू सरोज देवी (37) और सरोज का बेटा कमलेश (12) सवार थे। इनमें सरोज का पीहर कुचेरा में है। रतनाराम बहू और पोते को कार से देशवाल से कुचेरा छोड़ने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर 12 बजे के करीब कुचेरा के छीलरा फांटा के पास कार बेकाबू हो गई और लहराते हुए कार गड्ढे में जाकर गिरी। हादसे में रतनाराम और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरोज घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में कार गड्ढे में पलट गई थी।



### कटर से दरवाजे काटकर घायलों को निकाला

हादसे में दरवाजे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। मौके पर जुटे लोगों ने दरवाजे खोलने की कोशिश की लेकर गेट नहीं खुले। सरोज एक घंटे तक गाड़ी में फंसी रही। बाद में पास से कटर मंगवाकर दरवाजा काटकर तीनों को निकाला गया। पुलिस ने कार का दरवाजा काटकर शवों को निकाला। घायल सरोज को कुचेरा सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया।

### ओवरटेक करने से हुआ हादसा

पुलिस का कहना है कि देशवाल से कुचेरा की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। देशवाल से कार लेकर निकले रतनाराम कुचेरा के नजदीक पहुंच गए थे। इस दौरान हादसा हो गया। रतनाराम प्रजापति पुत्र कुशनाराम निवासी देशवाल और कमलेश पुत्र पप्पूराम प्रजापत निवासी देशवाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरोज पत्नी पप्पूराम की हालत गंभीर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवरटेक करते समय सामने से वाहन आने से कार गड्ढे में जा गिरी।

## बहन के घर जा रहे दो भाइयों की हादसे में मौत

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बिछीवाड़ा रोड पर बाइक को अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से नवाडेरा के पास एक सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। दोनों युवकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। दोनों युवक अस्पताल में भर्ती भतीजी के लिए ब्लड डोनेट करके बहन के घर जा रहे थे, इस बीच ये दर्दनाक हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस पूरी घटना को लेकर जांच कर रही है।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि शुक्रवार देर रात नवाडेरा रोड पर दोनों युवक तहसील चौराहा की तरफ से सिंटेक्स की ओर जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार कपिल (27) पुत्र लक्ष्मण कटारा निवासी भाटपुर और बाबूलाल (20) लकमा अहारी निवासी खुमानपुरा कोटड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। डूंगरपुर अस्पताल के डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक बाबूलाल अहारी और कपिल कटारा दोनों गुजरात में मजदूरी का काम करते हैं। बाबूलाल की भतीजी बीमार होने के कारण वो शुक्रवार शाम को अपनी भतीजी से मिलने अस्पताल आकर ब्लड की जरूरत होने पर उसने ब्लड डोनेट करके गए थे। इसके बाद दोनों देर रात को बोरी गांव में स्थित बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

---

**कलेक्टर ने किया नानी बीड़ का निरीक्षण**

## दीवार बनाकर ऊंची की जाए नानी बीड़ की पाल : कलेक्टर



बेधड़क | सीकर

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने शनिवार को नानी बीड में ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर परिषद आयुक्त को नानी बीड में एसटीपी से जो पानी आ रहा है उसमें प्लास्टिक की थैलियां को जाली लगाकर सेपरेट किया जाए।

साथ ही पानी का उपयोग स्मृति वन, नेहरू पार्क में पौधों को पानी देने में काम में लिया जा सकता है इससे पर्यावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए की नानी बीड में मिट्टी की पाल को दीवार बनाकर ऊंचा किया जाए ताकि यहां एकत्रित होने वाला पानी नानी गांव में नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि जहां साफ पानी हो वहां पर मछली पालन व्यवसाय को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। जिला कलेक्टर चौधरी ने जगमालपुरा में डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए की यदि डैम की खुदाई की आवश्यकता हो तो वह भी करवाये तथा यहां पर वृक्षारोपण का कार्य भी करवाया जा सकता है।

जिला कलेक्टर ने नगर परिषद के पास स्थापित कचरा संग्रहण केंद्र का निरीक्षण कर आयुक्त को निर्देश दिए की लोगों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने खाद बनाने की प्रक्रिया को देखा तथा निर्देशित किया कि इस खाद का उपयोग शहर के विभिन्न पार्कों में पौधों को दिए जाने के काम में लिया जा सकता है । इस दौरान सीकर उपखंड अधिकारी जय कौशिक, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, कनिष्ठ अभियंता नागरमल सैनी सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी साथ रहे।

---

**एप गेम से आईपीएल मैच में** जीते 1.40 करोड़ रुपए

## बैंड बजाने वाला नरेंद्र बन गया क्रिकेट में रातोंरात करोड़पति

### अब परिवार के लिए बनाएगा सुविधायुक्त मकान

बेधड़क |प्रतापगढ़

शहर में बैंड बाजा पार्टी के साथ वाद्य यंत्र बजाने वाले नरेंद पर भगवान इस कदर मेहरबान हुआ कि एक ही दिन में वह एक करोड़ 40 लाख रुपए का मालिक बन गया। दरअसल नरेंद्र को बैंड बजाने के अलावा क्रिकेट मैच देखने का भी शौक है।



दरअसल इन दिनों चल रहे IPL मैचों की शृंखला में दो दिन पूर्व पंजाब बनाम बेंग्लूरू मैच था। नरेंद्र ने इस मैच में बेंग्लूरू की ओर से विराट कोहली की शानदार पारी से प्रभावित होकर ऑनलाइन गेम खिलाने वाले वाले एक एप पर दांव खेला और जीत गया।

नरेंद्र ने दो करोड़ रुपए जीते, लेकिन 60 लाख रुपये टैक्स काटकर उसके बैंक खाते में 1.40 करोड़ रुपए जमा हुए। नरेंद्र ने बताया कि अब इन पैसों से वह अपने परिवार के रहने के लिए सुविधा युक्त मकान बनाएगा।

---

**जेसीबी से खुदाई कर लिए** मिट्टी के लिए सैंपल

## बुलबुलों की जांच के लिए पहुंची GSI

बेधड़क | झुंझुनूं

शहर के मंडावा मोड़ पर कई दिनों से कोतूहल का विषय बने जमीन से निकल रहे मिट्टी के बुलबुले की जांच के लिए शनिवार को जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जयपुर की टीम झुंझुनूं पहुंची।

सबसे पहले टीम ने जहां से मिट्टी के बुलबुले निकल रहे थे, वहां का तापक्रम चेक किया। उसके बाद जेसीबी मशीन से खुदाई करवाई। फिर अलग अलग गहराई पर मिट्टी के सैंपल लिए। खुदाई के दौरान एक पाइप भी मिली। टीम मेंबर्स के साथ रहे झुंझुनूं भू-जल विभाग के वैज्ञानिक अतुल धवन ने बताया कि जयपुर से टीम ने आकर जांच की है। अलग अलग गहराई पर मिट्टी के सैंपल लिए है। इसके अलावा खुदाई में एक पाइप निकला है, लेकिन गैस की कोई कनेक्टिविटी नहीं है, उसका भी सैंपल लिया गया है। इसके अलावा पीएचडी विभाग से भी जानकारी ली जाएगी। यहां से निकल रही सीवरेज लाइन का ले-आउट भी देखा जाएगा। उसके बाद ही कुछ निष्कर्ष निकल पाएगा। इस दौरान झुंझुनूं एसडीएम सुमन सोनल, पूर्व वरिष्ठ भू वैज्ञानिक कुंभाराम सहित जलदाय विभाग के अधिकारी भी साथ रहे।



झुंझुनूं के मंडावा मोड़ पर बीते कई दिनों से सड़क किनारे एक हिस्से में जमीन से मिट्टी के बुलबुले निकल रहे हैं। हालांकि बुलबुले का आकार काफी छोटा है और दिनभर यह सिलसिला जारी रहता है। मामले को लेकर स्थानीय लोग भी हैरान है।

---

**भरतपुर के इतिहास और सभ्यताओं को जाना**

# अमेरीकी राजनयिक पेट्रीसिया ए लैसीना ने किया भरतपुर म्यूजियम का भ्रमण

■ निजी होटल में है ठहरी, प्रशासन ने किए सुरक्षा के इंतजाम

बेधड़क | भरतपुर

अमेरीकी राजनयिक पेट्रीसिया ए लैसीना शनिवार शाम को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचीं। यहां उन्होंने शाम को भरतपुर म्यूजियम का भ्रमण किया। म्यूजियम में भरतपुर के इतिहास, विभिन्न सभ्यताओं के अवशेषों और मूर्तियों को देखकर अभिभूत हो गईं। पेट्रीसिया रविवार सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करेंगी। इसके बाद उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी के लिए रवाना हो जाएंगीं। पेट्रीसिया सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में ठहरी हुई हैं, जहां पर सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं।



### आज करेंगी केवला देव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण

पेट्रीसिया शनिवार रात भरतपुर के सारस चौराहा स्थित निजी होटल में ही विश्राम किया। रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करेंगी। यहां की जैव विविधता, स्थानीय पक्षियों की प्रजातियों से रूबरू होंगी। इसके बाद रविवार सुबह 9।30 बजे उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी के लिए रवाना हो जाएंगीं। पेट्रीसिया ए लैसीना अमरीकी राजनयिक हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 से 2022 तक भारत में चार्ज डी अफेयर का कार्य संभाला था।

### मूर्तियां व शिल्प को देख हुई अभिभूत

भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि अमरीकी राजनयिक पेट्रीसिया ए लैसीना अपने दो दिन के दौरे पर भरतपुर आई हैं। पहले उन्होंने सारस चौराहा स्थित होटल पहुंचकर जलपान किया, उसके बाद शाम को करीब दो घंटे तक उन्होंने भरतपुर के राजकीय संग्रहालय का भ्रमण किया। पेट्रीसिया संग्रहालय में रखीं पहली शताब्दी की मूर्तियां और उनके शिल्प को देखकर अभिभूत हो गईं। उन्होंने संग्रहालय में रखीं भरतपुर के गौरवशाली इतिहास की धरोहरों, महाराजाओं की कलाकृतियों और बंदूक, तोप व आयुधों को भी देखा। आर्ट गैलरी के लघु चित्र, कला और शिल्प के नमूने भी देखे। पेट्रीसिया ने करीब दो घंटे तक संग्रहालय का भ्रमण किया।



## वीजीयू में शोध महाकुंभ का समापन: 2000 से ज्यादा शोधपत्रों का हुआ वाचन

# शोध की गुणवत्ता और सुधार पर हुआ गहन मंथन... 200 से ज्यादा विशेषज्ञ हुए शरीक



बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय शोध प्रयास का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न जाने माने उच्च शिक्षण सस्थानों के करीब 200 से अधिक विषय-विशेषज्ञों के साथ लगभग 1200 से ज्यादा विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। शोध के इस महाकुंभ में 2000से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि वी विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग के सचिव एडं कमिश्नर श्रवण कुमार थे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग परियोजना प्रस्ताव की तलाश में है, जिसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित किया जा सके। उन्होंने विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दृष्टिकोण की सराहना की और बताया कि विश्वविद्यालय का नाम बिल्कुल उपयुक्त है और यह विश्वविद्यालय समाज की मदद करने में अग्रणी है। उन्होंने यह भी बताया कि पेपर प्रकाशित करना कोई आसान काम नहीं है और वह अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेने के लिए वीजीयू की प्रशंसा करते हैं।

वीजीयू के चेयरपर्सन आईएएस डॉ.ललित के पंवार ने अपने संदेश में कहा कि वीजीयू शोधकर्ताओं को उच्च स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों के साथ शोधार्थियों को तकनीकीयुक्त उच्च स्तर की सुविधाएं उपलब्ध की जा रही है। उन्होने कहा कि उच्च शिक्षा और शोध किसी राष्ट्र के विकास और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है और वीजीयू का यह प्रयास अपने अपने में एक मिशाल है। ऐसे आयोजनों के माध्यम सेदेश के विभिन्न प्रांतो से आए विशेषज्ञों और शोधार्थियों को अपने शोध कार्य को प्रस्तुत करने और अपने अनुभवों को साझा करने का अवसर प्रदान किया जाता है। डॉ पंवार ने कहा कि वीजीयू में अनुसंधान नीति पर नियमित रूप से अनुसंधान बोर्ड और अकादमिक परिषद की बैठकों में चर्चा की जाती है। वीजीयू के प्रबंधन बोर्ड के द्वारा एक मजबूत अनुसंधान वातावरण विकसित करने की दृष्टि से नियमित रूप से अनुदान और परिवर्धन को मंजूरी दी जा रही है, जिससे उच्च शिक्षा में वीजीयू अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सके।





### वीजीयू ने 200 से ज्यादा पेटेंट्स पब्लिश करवाए

अपने संबोधन में यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. के.आर. बागड़िया ने कहा कि पढ़ाना, सिखाना, रिसर्च करना और नई चीजें खोजना, ये सब सभी लोगों के हाथों में होता है और सबके साथ से ये मुमकिन हो सकता है। नई खोज व्यक्ति के ज्ञान को बढ़ाती है और उसे नई राह प्रदान करती है। वीजीयू कें सीईओ इंजि ओंकार बगरिया ने कहा कि आज बदलते तकनीकी युग में तकनीकी क्षेत्र में शोध की महता और बढ जाती है। अच्छे शोध के लिए सृजनात्मक सोच होना जरूरी है। जब तक शोध उच्चकोटि का नहीं होगा, तब तक उस शोध को पेटेंट नहीं किया जा सकेगा। शोध का देश और समाज भी फायदा होना चाहिए।

### आज वीजीयू में मेगा जॉब फेयर में 100 से अधिक कंपनियां आएंगी

विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय और सीटीपीएल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आरआईसी जयपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाना है, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 100 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। जयपुर में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि इस जॉब फेयर में भाग लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। 5000 से अधिक विद्यार्थी इस जॉब फेयर में भाग लेंगे।



### अनुसंधान नीति पुस्तिका तैयार करता है वीजीयू का प्रकोष्ठ

वीजीयू के एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने कहा कि वीजीयू शोध के क्षेत्र में हम एक नए प्रतिमान स्थापित की ओर तेजी से अग्रसर है। वीजीयू में अनुसंधान प्रकोष्ठ के द्वारा अनुसंधान नीति पुस्तिका को तैयार किया जाता है, जिसे सभी संकायों के अध्यापकों, छात्रों और शोधकर्ताओं के बीच साझा किया जाता है। वीजीयू के प्रो प्रेसीडेंड रिसर्च, डीवीएस भागवानुलु ने कहा कि हमारा देश आज भी प्रौद्योगिकी, शिक्षा और प्रबंधक के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है, उन्होंने कहा कि शोध कार्य में गुणवत्ता का होना बहुत अनिवार्य है।

### सबके लिए खुला है जॉब फेयर

इस अवसर पर विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय के सीईओ ओंकार बगड़िया ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के हर क्षेत्र में योगदान देना और शिक्षा के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराना है। हम युवाओं को उद्यमिता के साथ साथ वैश्विक स्तर की कंपनियों में नौकरी के लिए तैयार करते हैं। यह जॉब फेयर केवल वीजीयू के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं है बल्कि इस जॉब फेयर को खुला रखा गया है, जिसमें किसी भी विश्वविद्यालय और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस मेगा जॉब फेयर में 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इस जयपुर मेगा जॉब फेयर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां जैसे विप्रो, रैंडस्टैड, एज, एयरटेल, ईआरडी, सेलेबल, हिताची भी शिरकत कर रही हैं।

### दो दिन तक हुए अलग अलग सेशन

शोध प्रयास में दो दिन तक अलग-अलग सेशनआयोजित किया गया। जिसमें पहले भाग में पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत वीजीयू के शोधार्थियों ने अपने शोध विषय से संबंधित पोस्टर को देश के विभिन्न क्षेत्रों से विषय विशेषज्ञों के सामने प्रस्तुत किया। दूसरे भाग में शोधार्थियों के द्वारा पीपीटी के माध्यम से शोध विषय पर प्रस्तुति दी, तीसरे भाग में शोध प्रपत्र को प्रस्तुत किया, जिसे विषय विशेषज्ञों ने अपनी सुझाव दी और चैथे भाग में ऐसे रिसर्च पेपर को स्थान दिया गया, जिसमें लोगों ने पेटेंट शोध प्रपत्र को प्रस्तुत किया। इसके अलावा शिक्षकों ने भी अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। शोध के इस महाकुंभ में शोधार्थियों और छात्रों में काफी उत्साह नजर आया औंर उन्हें अपनी शोध प्रतिभा दिखाने और शोध की कला जानने की लालसा उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी।

## Yuva स्टोरीज

### प्रतिभाओं का चयन



*जयपुर। राज्य कीड़ा परिषद ने एसएमएस स्टेडियम में शनिवार को पांच दिवसीय कैंप के पहले दिन खेल अकादमी में प्रवेश के लिए प्रदेशवासियों के लिए चयन स्पर्धा आयोजित कर 775 अभ्यर्थियों का चयन किया। पहले दिन कबड्डी, हॉकी एवं तीरंदाजी खेलों के लिए लगभग 1 हजार छात्र-छात्राओं ने खिलाड़ी बनने के लिए फॉर्म भरा।*

**-फोटो: राजेश कुमावत**

## इंडो-वेस्टर्न डांस की परफॉर्मेंस छाई



- मुस्कान ओझा बनीं मिस फेयरवेल- 2024
- आईआईएस यूनिवर्सिटी की फेयरवेल सेरेमनी आशीर्वाद

बेधड़क | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर, जयपुर का कैंपस लॉन शनिवार शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खिल उठा। मौका था फेयरवेल सेरेमनी आशीर्वाद का। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने फाइनल ईयर की तमाम स्टूडेंट्स को उनके उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ. टीएन माथुर, रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता मौजूद रहीं। छात्राओं के निवर्तमान बैच की मौजूदगी में अन्य छात्राओं ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। फेयरवेल सेरेमनी का खास आकर्षण लेडी ऑफ द इवनिंग व मिस फेयरवेल-2024 का सलेक्शन रहा। इसमें विभिन्न रोचक राउंड में मुस्कान ओझा मिस फेयरवेल-2024 चुनी गईं। इसी प्रकार बिविचिंग ब्यूटी अदिति शर्मा (BBA) और लेडी ऑफ द इवनिंग सिमरन अग्रवाल (BJMC) को चुना गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी ग्रुप सॉन्ग प्रस्तुति दी। इससे पहले कार्यक्रम में बॉलीवुड हिट गानों पर छात्राओं ने इंडियन समेत वेस्टर्न डांस की रॉकिंग परफॉर्मेंस से माहौल में खुमारी का आलम बना दिया। वहीं, राजस्थानी लोकनृत्यों में माटी की सौंधी महक के साथ संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली।

## मातृ पूजन एवं मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

# मातृ शक्ति को नमन... कई गेम्स और रंगारंग प्रस्तुतियों ने रिझाया... बच्चों का मन हर्षाया





बेधड़क | जयपुर

रावत एजुकेशनल ग्रुप के विभिन्न संस्थानों में मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार, मानसरोवर एवं भांकरोटा ब्रांच में मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। मदर्स के लिए वहां विभिन्न गेम्स ,और कल्चरल कार्यक्रम आयोजित हुए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में मातृ पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी विंग के 500 से अधिक विद्यार्थियों की माताओं ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और माताओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिए गए। नन्हे बच्चों ने मां पर अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए कविताएं सुनाई। इस अवसर पर सभी माताओं तथा बच्चों का स्पेशल कोलाज वीडियो बनाया गया। बच्चों ने विधिवत मातृ पूजन किया, जिसमे उन्होंने माताओं को तिलक किया,माला पहनाई, मिठाई खिलाई और पैर छुए और कार्ड दिया।

### मदर पैरेंट्स ने भी व्यक्त किए विचार

इस अवसर पर मदर पैरेंट्स ने भी अपने विचार वक्त किए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष स्कूल में संस्कारों को स्थापना के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने बताया कि निर्मला ऑडिटोरियम का नाम भी उन्होंने उनकी मां एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन निर्मला रावत के नाम पर ही रखा।

### हर दिन ही मां का दिन है

निर्मला रावत ने बताया कि बचपन से ही उनके मन में यह इच्छा थी कि वे अपनी मां के लिए खास करे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि मां का कोई एक दिन नहीं है, बल्कि कोई ऐसा दिन नहीं है, जिसमें मां न हो। विभिन्न ब्रांचेस में आयोजित कार्यक्रम के अंत में रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार की प्रिंसिपल सुशीला नेगी, मानसरोवर ब्रांच की प्रिंसिपल सुषमा चौहान, भांकरोटा ब्रांच की प्रिंसिपल मोनिका बोस और रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की प्रिंसिपल मैत्रेयी शुक्ला द्वारा सभी पैरेंट्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## संदर्भ व्यक्तियों के लिए कार्यशाला

# पीएम श्री विद्यालयों को दें संबलन: आयुक्त



बेधड़क | जयपुर

पीएम श्री संदर्भ व्यक्तियों के लिए आयोजित कार्यशाला के संभागियों को संबोधित करते हुए आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक जिले में स्थित डाइट का एकेडमिक स्टाफ पीएम श्री विद्यालयों को संबलन प्रदान करें। इसके लिए डाइट में कार्यरत व्याख्याता एवं वरिष्ठ व्याख्याता को पीएम श्री विद्यालयों की जिम्मेदारी दी जाएगी । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों को दिए जा रहे सपोर्ट का सही उपयोग किया जाए । आधारभूत संरचनाओं का व्यवस्थित रख रखाव किया जाए। वर्तमान एवं आने वाले समय में डिजिटल लिटरेसी सबसे महत्वपूर्ण है।

### बच्चों की स्किल्स को परखा

कार्यशाला में चतुर्वेदी ने जवाहर नगर के राजकीय विद्यालय के बच्चों तनिषा, मुस्कान और प्रथम से वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत सीखी गई स्किल्स के बारे में विस्तार से बात की। कार्यशाला के समापन पर उपायुक्त निशा ने संभागियों को राज्य के पीएम श्री विद्यालयों के उन्नयन के लिए परिषद स्तर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी ।

**परफोरमेंस** | **जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल में 'समर साउंड'**

# बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा

बेधड़क | जयपुर

रचनात्मकता और शिक्षा के उत्सव में, प्री प्राइमरी कक्षा 1 व 2 के नन्हे बच्चों द्वारा संगीतमय कार्यक्रम 'समर साउण्ड' में अपनी खूबसूरत प्रस्तुति द्वारा दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस जादुई संगीत कार्यक्रम में जंगल बुक, लॉयन किंग, मैरी पॉपिंस, अलादीन आदि जैसे प्रसिद्ध बाल साहित्य से प्रेरित कई गीत प्रस्तुत किए गए। बाल कलाकारों की मनोरंजक प्रस्तुति ने दर्शकों को बच्चों की एक अलग ही दुनिया में पहुंचा दिया।

यह कार्यक्रम जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल महापुरा के प्रांगण में आयोजित हुआ।



यह संगीतमय कार्यक्रम मनोरंजक होने के साथ ही स्टूडेंट्स के समर्पण, सामूहिक कार्य और कलात्मक कौशल का बेहतरीन प्रमाण था। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। अभिभावक भी विभिन्न पुस्तकों के पात्रों की वेशभूषा पहन कर कार्यक्रम में शामिल हुए।



### शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाते हैं ऐसे कार्यक्रम

इस अवसर पर जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल की चेयरपर्सन, डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने संबोधित करते हुए स्टूडेंट्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कम उम्र से ही बच्चों में शिक्षा के प्रति प्रेम पैदा और उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ ही समृद्ध अनुभव प्रदान करने की स्कूल की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस संगीतमय रोमांच ने सहयोग और सांस्कृतिक जागरूकता जैसे आवश्यक कौशल को बढ़ावा देते हुए कलाओं के प्रति प्रेम को सफलतापूर्वक पोषित किया।




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*तीर्थराज के नाम से प्रसिद्ध पुष्कर सरोवर को सभी तीर्थस्थलों का राजा कहा जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि इस सरोवर में डुबकी लगाने पर ही तीर्थयात्रा संपन्न मानी जाती है। अर्द्ध गोलाकार रूप में लगभग 10 मीटर गहरी यह झील 500 से अधिक मंदिरों और 52 घाटों से घिरी हुई है। खास बात यह है कि पूरे विश्व का एक मात्र ब्रह्मा मंदिर यहां पर स्थित है। संगमरमर से बना यह मंदिर चांदी के सिक्कों से जड़ा हुआ है। यहां ब्रह्मा जी की चतुर्मुखी प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित है। इसी मंदिर में सूर्य भगवान की संगमरमर की मूर्ति भी है जो प्रहरी की तरह खड़ी है। इसकी खासियत यह है कि भगवान सूर्य जूते पहने हुए हैं।*

### सरोवर में डुबकी लगाने पर ही पूरी मानी जाती है तीर्थयात्रा

# तीर्थराज पुष्कर, जहां है दुनिया का... एकमात्र ब्रह्माजी मंदिर





### सृष्टि के उद्गम के लिए ब्रह्मा ने स्थापित किए थे चार शिवलिंग

पुष्कर के ब्रह्मा जी के मंदिर में ही पंचमुखी भगवान शिव की प्रतिमा भी स्थापित है। साथ ही मंदिर में भगवान गणेश जी की भी प्रतिमा है। पूरे विश्व से लोग ब्रह्मा जी की पूजा करने के लिए पुष्कर में आते हैं और साथ ही पवित्र पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाकर अपनी तीर्थ यात्रा पूर्ण करते हैं। ऐसी मानता है कि सृष्टि के उद्गम के लिए प्रजापिता ब्रह्मा ने पुष्कर में चार शिवलिंग स्थापित किए थे, उसके बाद ही सृष्टि का निर्माण पुष्कर से किया था।

### सावित्री ने दिया श्राप

ब्रह्मा मंदिर के पीछे ऊंची पहाड़ी पर सावित्री मंदिर बना है। मां सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी थीं। मंदिर से नीचे की ओर झील मंदिर और रेत के टीलों का शानदार नजारा दिखाई देता है। पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी ने पुष्कर में यज्ञ करने के लिए गायत्री से दूसरा विवाह किया था। इससे नाराज होकर उनकी पहली पत्नी सावित्री ने उन्हें श्राप दिया। इस कारण पूरे विश्व में ब्रह्मा जी का केवल एक ही मंदिर है, जो राजस्थान के पुष्कर में है।


### पांडवों ने बनवाया था श्री पंचकुंड शिव मंदिर

पंचकुंड शिव मंदिर को पांडवों ने बनवाया था। शहर के पूर्वी किनारे पर स्थित यह मंदिर सरोवर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां शिवरात्रि पर भक्तों की भीड़ होती है। भगवान विष्णु के अवतार रंग जी का भी यहां पर मंदिर है। मूल रूप से दक्षिण भारतीय शैली का यह मंदिर राजपूत और मुगल शैली का भी मिश्रण है। अटभटेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में किया गया था। यहां एक भूमिगत तहखाना भी है। आमेर (जयपुर) के महाराजा मानसिंह प्रथम ने यहां मान महल बनवाया था। यह महल पुष्कर झील के पूर्वी भाग पर स्थित है। इसके किनारे सरोवर झील और चारों तरफ मंदिरों का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है।



## कविता

### ईश्वर का रूप है मां





**आलोक गौतम**
सहा.पु.आयुक्त, वैशाली, जयपुर

ममता की छांव है, प्यार की बहती नाव है।
जो हमको जीना सिखलाती, जीवन की वो नींव है मां।।

इक अक्षर का नाम है, करती हर इक काम है।
बच्चों पर सर्वस्व लुटा दे, ऐसा अद्भुत त्याग है मां।।

सुंदर एक कविता है, प्रीत से भरी सरिता है।
जिससे जग सुंदर लगता है, प्रेम का ऐसा गीत है मां।।

सबसे प्यारा मीत है, सदा हार पर जीत है।
जिसमें कोई कमी ना रही, वह अद्भुत संगीत है मां।।

सुंदर इक अभिलाषा है, जीवन की परिभाषा है।
जिसके बिना अधूरा जीवन, सफलताओं की छांव है मां।।

निराशाओं में आशा है, बलिदानों की गाथा है।
जिस दामन पर दाग ना लगा, ऐसा अटल विश्वास है मां।।

सुन्दर अनुपम रूप है, कही छांव-कहीं धूप है।
सृष्टि को समग्र बनाती, ईश्वर का वो रूप है मां।।


ईश्वर की सुंदर कृति है, दुनियां की अनुपम श्रुति है।
अंधकार में 'आलोक' फैलाये, वो जीवन प्रकाश है मां।।

## शब्दों की सीख

# अपना वजूद



**महेश कुमार केशरी**
बोकारो, झारखंड



दीप्ति - 'मां, देखो ना निमंत्रण पत्र आया है, और इस पर बाबूजी का नाम लिखा है... गोपेश प्रसाद।'

'हां ये तो है। लेकिन, इसमें नया क्या हो रहा है? शुरू से ऐसा ही होता आ रहा है। तेरे बाबूजी से पहले तेरे दादाजी का नाम लिखा होता था।' सितारा देवी आंचल सीधा करते हुए बोलीं।

'दादा जी का नाम क्या था, मां?'

'जमुना प्रसाद।'

'उनके बाबूजी का नाम?'

'गोपाल प्रसाद।'

'उनके बाबूजी का नाम'

'जानकी प्रसाद।'

'उनके बाबूजी का नाम।'

'दिमाग मत खा मेरा। नहीं पता मुझे। पका मत ज्यादा।'

'मां, मैं निमंत्रण पत्र पर अपना नाम देखना चाहती हूं।'

'हां! देखना, लेकिन जब तुम्हारी शादी होगी तब तुम्हारा और तुम्हारे दूल्हे का नाम निमंत्रण पत्र पर छपेगा।'

'तुम समझी नहीं, मां। मैं चाहती हूं कि निमंत्रण पत्र पर बाबूजी की तरह तुम्हारा नाम हो।'

'हूं। लेकिन इसकी क्या जरूरत है?'

'जरूरत है मां, अपनी पहचान के लिए।'

'पहचान से भला क्या, होता है?'

'हमारा कोई ,अभिलेख नहीं है। कहीं भी। अतीत में ना वर्तमान में।'

'आखिर हम हैं क्या? रेत का कोई कण। हवा का बुलबुला! जो आज है और कल नहीं होगा। सदियों से समाज ने हमारे महत्व को नकारा है। आखिर हम जिंदा हैं। सांस लेते हैं। बोलते हैं। गाते हैं। हंसते हैं। रोते हैं। फिर हमारे वजूद का कोई अंश या हिस्सा किसी अभिलेख में क्यों दर्ज नहीं है? लड़ाई इसी बात को तो लेकर है, मां। अच्छा मां, एक बात बताओ मेरे ननिहाल में जो निमंत्रण पत्र आता था, उसमें किसका नाम होता था?'

'तेरे नानाजी जगदीश प्रसाद का और किसका?'

'अच्छा मां, ननिहाल में मेरी नानी का क्या नाम था।'

'लक्ष्मी देवी।'

'उनकी मां का क्या नाम था।'

'दुर्गा देवी...।'

'उनकी मां का नाम?'

'इकतारा देवी।'

'इनमें से किसी का नाम कभी निमंत्रण पत्र पर कभी छपा था, मां?'


'पहले निमंत्रण पत्र नहीं होता था। हम सब स्लेट या खड़िया या भोजपत्र पर लिखा करते थे। वैसे इन फिजूल की बातों का क्या मतलब है? ना कोई सिर, ना कोई पैर है। हमेशा तू बिना सिर पैर की बातें करती रहती है। इतिहास की बातों से भला हमें क्या मतलब?'

'वही तो मां मैं तुम्हें समझाना चाहती हूं। हमें इतिहास नहीं होना है, बल्कि इतिहास में मौजूद कोई शिलालेख बन जाना है। हमारे होने की मुनादी कम से कम हो सके। इसीलिए हमें अपने नाम की लड़ाई लड़नी होगी। वरना हम इतिहास की धूल में मिल जाएंगे। आखिर पिता की तरह हमारी पहचान क्यों ना बने? क्यों हम अपने वजूद की लड़ाई ना लड़ें? निमंत्रण पत्र पर हमारा नाम भी पिता के नाम के नीचे लिखा होना चाहिए। नीचे क्यों, बल्कि बराबर में लिखा होना चाहिए।'

दीप्ति की बात सुनकर सितारा देवी के चेहरे के भाव बदल रहे थे। ऐसा लग रहा था कि वो उसकी बातों से सहमत हो चली थी।

## पुस्तक समीक्षा

### वाइब्रेशन मोड पर रखे संग्रह की व्यंग्यटोन है 'चोर मचाए शोर'




| | |
|---|---|
| **पुस्तक का नाम:** | चोर मचाए शोर |
| **लेखक:** | सुनील सक्सेना |
| **प्रकाशक :** | न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली |
| **मूल्य:** | ₹300/ |
| **समीक्षक:** | मुकेश राठौर (व्यंग्यकार) |

चर्चित रंगकर्मी और व्यंग्यकार सुनील सक्सेना का प्रथम प्रकाशित व्यंग्य संग्रह 'चोर मचाए शोर' पढ़ने को मिला। संग्रह की रचनाएं शासन, प्रशासन, समाज और साहित्यिक विद्रूपताओं को उद्घाटित करती हुई दिखाई पड़ती है। रचनाएं छोटी-छोटी जरूर हैं, लेकिन **हके हिकहकिह** ब ड़ ी बात कहने में सक्षम हैं। चूंकि, सुनील सक्सेना कथाकार भी हैं, उनकी कहानियां यत्र-तत्र पढ़ी हैं, सो व्यंग्य की शैली कथात्मक है तो कहीं बटन को पात्र बनाकर संवाद करते भी नजर आए। बेशक सक्सेना दृष्टि और विचार संपन्न व्यंग्यकार हैं। यों तो संग्रह में सड़सठ रचनाएं हैं, जिनमें से कुछ रेखांकित रचनाओं में संग्रह की प्रथम रचना 'एक तिलिस्मी चोरी' में पुलिसवाले के घर चोरी की कहानी है। रचना वक्रोक्तिपूर्ण है। नजारे बदल गए या बदल गई नजरें!, दर्दे सिर की दवा है चश्मा में व्यंग्यकार समस्या की तह तक जाता जान पड़ा। अच्छाई के बरक्स बुराई के विस्तार पर चुटकी लेते हुए 'दशहरा और पिताजी का कंधा' में व्यंग्यकार बड़ी बात कहता है कि अब कोई बच्चा पिता के कंधे का मोहताज नहीं। बुराई का प्रतीक रावण हर जगह, हर एंगल से साफ नजर आता है। अंत्येष्टि का ड्रेसकोड और मृत्यु संस्कार का कॉम्बोप्लान में अभिजात वर्ग के दिखावे को आइना दिखाया है। संग्रह की शीर्षक रचना चोर मचाए शोर छुपे चोरों के विरुद्ध जाहिर चोरों के कॉपीराइट के संघर्ष की दास्तान है। संग्रह की कुछ रचनाओं में कसावट की कमी भी महसूस हुई। बहरहाल, 'चोर मचाए शोर' आप चोरी-छिपे नहीं, बल्कि सपरिवार पूरी सीनाजोरी से पढ़ सकते हैं और संग्रह की रचनाएं पसंद आने पर सोशल मीडिया और मीडिया में संग्रह पर दो शब्द लिखकर बकायदा शोर भी मचा सकते हैं।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर जमकर साधा निशाना

# राजभवन बुलाने पर भी नहीं जाऊंगी... बगल में बैठना भी पाप: ममता

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कथित रूप से छेड़छाड़ के आरोपों से घिरे राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर जमकर निशाना साधा। ममता बनर्जी ने हुगली जिले के सप्तग्राम में आयोजित चुनावी सभा में राज्यपाल पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों पर अपना मुंह खोला। उन्होंने कहा कि राजभवन बुलाने पर भी वह नहीं जाएंगी। उनके बगल में बैठना भी पाप है। सीएम ने राजभवन द्वारा सामने लाए गए सीसीटीवी फुटेज पर भी सवाल उठाए। गौरतलब है कि छेड़छाड़ के कथित आरोप के बाद राजभवन की ओर से 100 लोगों को राजभवन के सीसीटीवी फुटेज दिखाए गए थे और आरोप को निराधार करार दिया गया था। राज्यपाल ने मुख्य सचिव को तत्काल उनके खिलाफ जांच बंद करने का भी आदेश दिया था। राजभवन की एक महिला अस्थायी कर्मचारी ने राजभवन के अंदर छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। उस शिकायत को लेकर पिछले कुछ दिनों से बंगाल की सियासत में बवाल मचा हुआ है। सत्तारूढ़ तृणमूल ने राज्यपाल को सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की चुनौती दी थी। उसके बाद राज्यपाल ने फुटेज सार्वजनिक किए थे। हालांकि संवैधानिक संरक्षण के कारण पुलिस सीवी आनंद बोस के खिलाफ औपचारिक जांच शुरू नहीं कर सकी है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्यपाल ने प्रेस को बुलाया. कुछ वीडियो संपादित करके दिखाए। पूरा शो किया? मेरे पास भी एक प्रति है। संपादित भी है। मुझे एक और वीडियो मिला है।



कथित रूप से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बिना नाम लिए ममता बनर्जी पर हमला बोला था और कहा था वह दीदीगिरी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## आप कब देंगे इस्तीफा?

ममता बनर्जी ने राज्यपाल पर हमला बोलते हुए कहा, माननीय राज्यपाल, मुझे बताएं कि मुझसे क्या गलती हुई है। मुझे पूरी कहानी पता नहीं है। मुझसे कह रहे हैं, दीदीगिरी नहीं चलेगी, लेकिन आप इस्तीफा कब देंगे? उन्होंने कहा कि डरें मत, मेरे पास कॉपी है। मेरे पास संपादित संस्करण भी है। अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। मुझे एक और पेन ड्राइव मिली है। यदि आप मुझे दोबारा राजभवन में बुलाएंगे तो मैं नहीं जाऊंगी। मैं अब राजभवन नहीं जाऊंगी, यदि आप मुझे सड़क पर बुलाएंगे तो मैं चली जाऊंगी। अगर आप को बात करनी है तो मुझे सड़क पर बुलाएं, लेकिन मैं जो कांड सुनी हूं उनमें आपके बगल में बैठना पाप है।

## संदेशखाली में रची साजिश

इसके साथ ही ममता बनर्जी ने संदेशखाली में महिला उत्पीड़न और बीजेपी पर लगे आरोप को लेकर भी हमला बोलते हुए कहा कि बहुत जघन्य अपराध हुआ है। जब किसी लड़की का आत्मसम्मान चला जाता है तो वह कभी वापस नहीं आता, लेकिन संदेशखाली में जिस तरह का काम हुआ है, जिस तरह की साजिश रची गई है। उसका पर्दाफाश हो गया है। गौरतलब है कि संदेशखाली में महिला उत्पीड़न के आरोप के बाद कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया था कि सादा कागज पर उन लोगों के हस्ताक्षर ले लिए गए थे। उन लोगों के साथ किसी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है।

## झारखंड में चुनावी सभा के दौरान टूटा मंच



**रांची।** झारखंड में चुनाव सभा के दौरान अचानक मंच टूट गया, जिस वक्त मंच टूटा उस समय पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू भाषण दे रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन को भी उसी मंच से भाषण देना था, लेकिन वो उस वक्त मंच पर मौजूद नहीं थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। झारखंड के साहिबगंज जिला में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब राज महल के वर्तमान सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी विजय हांसदा के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करने के लिए बनाया गया मंच टूट गया। इसके बाद थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी मच गई। हालांकि मंच पर मौजूद किसी भी नेता को चोट नहीं आई। मंच टूटने के बाद सभी नेताओं ने खुले में ही बैठ कर जनता को संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पटना में करेंगे रोड शो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचेंगे। वे रविवार की शाम पटना पहुंचने के बाद राजभवन जाएंगे और जलपान करेंगे। इसके बाद पटना शहर में आयोजित रोड शो में भाग लेंगे। पीएम मोदी पहली बार पटना में रोड शो कर रहे हैं। यह रोड शो करीब 2.6 किमी लंबा होगा। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री का राजभवन में रात्रि विश्राम होगा। अगली सुबह वो सबसे पहले पटना साहिब जाएंगे, जहां वो मत्था टेकेंगे। गुरुद्वारा में लंगर का स्वाद भी चखेंगे। पटना साहिब गुरुद्वारा से प्रधानमंत्री सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हेलिकॉप्टर से हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के मुजफ्फरपुर, सारण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### बेल के बाद मोदी पर केजरीवाल का पहला हमला, कहा...

# BJP जीती तो मोदी नहीं शाह बनेंगे PM

■ भाजपा ने सबसे बड़े चोर उचक्के को अपनी पार्टी में किया शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव का चौथा चरण के मतदान की तारीख करीब आ चुकी है। बीजेपी नीत एनडीए और कांग्रेस नीत इंडिया एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। जेल से बाहर आते ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला तेज कर दिया। केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी ने एक बहुत ही खतरनाक मिशन शुरू किया हुआ है जिसका नाम है 'वन नेशन, वन लीडर। प्रधानमंत्री जी "वन नेशन, वन लीडर" की राह पर चल रहे हैं। इस मिशन के तहत देश के सारे नेताओं को मोदी जी खत्म करना चाहते हैं, जितने विपक्ष के नेता हैं उन्हें जेल भेजेंगे। अगर वे यह चुनाव जीत गए तो थोड़े दिन के बाद ममता दीदी, तेजस्वी यादव, स्टालिन, पिनाराई विजयन, उद्धव ठाकरे जेल के अंदर होंगे, जितने भी विपक्ष के नेता हैं जेल में होंगे।

केजरीवाल ने कहा कि अगर इनकी सरकार बनी तो पहले अगले दो महीने में ये योगीजी को निपटाएंगे, उसके बाद मोदीजी के सबसे खास अमित शाहजी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि मोदीजी अपने लिए नहीं, अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। मोदी अगले साल 75 साल के हो जाएंगे। दिल्ली के सीएम ने कहा कि 2014 में मोदीजी ने रूल बनाया था कि बीजेपी के अंदर जो भी 75 साल का होगा, उसे रिटायर कर दिया जाएगा। अब मोदी जी रिटायर होने वाले हैं अगर उनकी सरकार बनी तो सबसे पहले दो महीनों में वे योगी जी को निपटाएंगे। इसके बाद अगले साल सबसे खास अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। मोदी जी अपने लिए वोट नहीं मांग रहे हैं ये अमित शाह के लिए वोट मांग रहे है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी ने सबसे पहले लालकृष्ण आडवाणी जी को रिटायर किया, फिर मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, यशवंत सिन्हा को रिटायर किया गया।



## आप ने महरौली में किया रोड शो

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महरौली में रोड शो किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उनके साथ मौजूद रहे। रोड शो के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने मुझे जेल में बंद कर दिया, मेरा कसूर क्या था। केजरीवाल ने कहा मुझे जेल से बाहर आए 20 घंटे हो गए हैं। मैंने कई लोगों से फोन पर बात की है। हर कोई कह रहा है कि बीजेपी को बहुमत नहीं मिल रहा है। हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी में उनकी सीटें कम हो रही हैं। पंजाब और दिल्ली में उनका सफाया हो जाएगा। 4 जून को मोदी सरकार नहीं बन रही है। 4 जून को INDIA गठबंधन की सरकार बनेगी और आप पार्टी उस सरकार का हिस्सा होगी। उन्होंने कहा कि मैंने अस्पतालों में फ्री इलाज फ्री दवाएं उपलब्ध करवाईं और जब मैं तिहाड़ गया तो मेरी दवा बंद कर दी गई। 15 दिनों तक मुझे इंसुलिन नहीं दिया। केजरीवाल ने कहा, वे (बीजेपी) हमारा काम रोकना चाहते हैं, यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है, यह तानाशाही है और आम जनता को इस तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा। मैं इस तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं, लेकिन मुझे आपके समर्थन की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत में बहुत बड़े-बड़े तानाशाह आए, लेकिन उनकी तानाशाही चली नहीं। जनता ने उनका तख्त उखाड़ फेंका। आज मैं तन-मन-धन से तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं और इस लड़ाई में देश के 140 करोड़ लोगों का साथ मांगने आया हूं।

## AAP को कुचलने में PM मोदी ने नहीं छोड़ी कोई कसर

आप पार्टी के दफ्तर में सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि पीएम मोदी तानाशाही चला रहे हैं। उन्होने कहा कि पीएम मोदी आप पार्टी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, 'जो भी मोदी जी से मिलने जाता है वो पहले 10-15 मिनट आम आदमी पार्टी के बारे में बात करते हैं। उन्हें लगता है कि आने वाले समय में आप पार्टी बीजेपी को चुनौती देने वाली है इसलिए वो इसे कुचलने में लगे हैं। इन्होंने आप को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 75 साल में किसी पार्टी को इतना प्रताड़ित नहीं किया गया, जितना इन्होंने आप पार्टी को किया। पीएम कहते थे कि मैं भ्रष्टाचार से लड़ रहा हूं, लेकिन देश के सारे लुटेरों और चोरों को उन्होंने अपनी पार्टी के साथ मिला लिया।



### केजरीवाल के दावे पर गृह मंत्री अमित शाह ने किया पलटवार

# 'PM मोदी ही करते रहेंगे देश का नेतृत्व'

### BJP के संविधान में नहीं 75 साल में रिटायरमेंट

एजेंसी | हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना में रैली के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की और मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 'अगर बीजेपी जीती तो अमित शाह ही पीएम होंगे' वाली टिप्पणी पर शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और आईएनडीआई गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि बीजेपी के संविधान में ऐसा कुछ भी उल्लेखित नहीं है। पीएम मोदी इस कार्यकाल को पूरा करने जा रहे हैं और भविष्य में भी पीएम मोदी ही देश का नेतृत्व करते रहेंगे। केजरीवाल के बयान पर शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन वालों को आनंदित होने की जरूरत नहीं है। मोदी जी ही आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इसमें बीजेपी में कोई कन्फ्यूजन नहीं है। यह कन्फ्यूजन खड़ा किया जा रहा है। हम 400 पार की तरफ बढ़ रहे हैं। मोदी जी ही टर्म पूरी करेंगे। मोदी के 75 साल पूरा करने के सवाल पर शाह ने कहा कि बीजेपी के संविधान में ऐसा कुछ नहीं है। इस तरह शाह ने विपक्ष के इस आरोप पर स्थिति साफ कर दी। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि आज तुष्टीकरण की राजनीति करने के इस कगार पर पहुंच गई है। उसके दो सहयोगी नेता मणिशंकर अय्यर और फारुख अबदुल्ला पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, ऐसा कहकर पीओके को ताक पर रखने की बात कर रहे हैं। बीजेपी मानती है कि हम कभी भी पीओके से अपना अधिकार जाने नहीं देंगे। पीओके भारत का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वो कह रहे हैं कि पीएम मोदी को अगर 400 पार सीटें मिलीं तो आरक्षण खत्म कर देंगे, लेकिन मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं कि 10 साल से पीएम के पास पूर्ण बहुमत है। हमने हमारे पूर्ण बहुमत का उपयोग धारा 370 खत्म करने के लिए किया, तीन तलाक समाप्त करने के लिए किया, राम मंदिर बनाने के लिए किया।

## केजरीवाल को कानून की कम समझ

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रार्थना की थी कि उनकी गिरफ्तारी गलत है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट नहीं मानी। इसे अंतरिम जमानत केवल 1 जून तक दी गई है और 2 जून को उन्हें एजेंसियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। अगर अरविंद केजरीवाल इसे क्लीन चिट मानते हैं, तो कानून के बारे में उनकी समझ कमजोर है।

## 'विपक्ष के पास न कोई नीति, ना ही कोई कार्यक्रम'

बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को कहा कि केजरीवाल और पूरा INDI गठबंधन चुनाव में विफलता का अहसास कर बौखला गए हैं। देश को भटकाना और भ्रमित करना ही इनका उद्देश्य है। पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हर तरफ मोदी जी को जनता का प्रचंड आशीर्वाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी के सामने न तो इनके पास कोई नीति है ना ही कोई कार्यक्रम है। अब मोदी जी के उम्र का बहाना लेकर रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भाजपा के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जनता जानती है मोदी जी का कण-कण और क्षण-क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार हो रही है और अपने अगले 5 वर्षों के कार्यकाल में मोदी जी देश को नए शिखर पर ले जाएंगे। विपक्ष खुश न हों, कोई मुगालता ना पाले। मोदी जी हमारे नेता हैं और आगे भी हमारा नेतृत्व करते रहेंगे। INDI गठबंधन और बेल पर जेल से बाहर आया नेता भी जानता है कि 'आएगा तो मोदी ही, रहेगा तो मोदी ही, भारत को मजबूत बनाएगा तो मोदी ही।

### लोकसभा चुनाव 2024

# तीसरे चरण में 65.68% वोटिंग, आयोग ने 4 दिन बाद जारी किया आंकड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के चार दिन बाद चुनाव आयोग ने कुल मतदान प्रतिशत का आंकड़ा जारी कर दिया है। चुनाव आयोग के जारी आंकड़े के मुताबिक तीसरे चरण में कुल 65.68 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

हालांकि 7 मई को देर शाम को आयोग ने जो आंकड़ा जारी किया था, उसके मुताबिक तीसरे चरण में 64.40 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन चार बाद इस आंकड़े में करीब एक फीसदी ज्यादा मतदान दिखाया गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को संपन्न हुआ था। इस दिन 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान किया गया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए आंकड़े के मुताबिक तीसरे चरण में पुरुषों का मतदान 66.89 फीसदी, महिलाओं का मतदान 64.41 फीसदी और थर्ड जेंडर ने 25.2 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।



## 2019 में तीसरे चरण में कितना हुआ था मतदान

2019 में मतदान का डाटा 67.33 प्रतिशत था। इस बार पिछली बार के मुकाबले मतदान का डाटा तकरीबन 2 फीसदी कम रहा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र चार ऐसे राज्य रहे जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा।

## चुनाव आयोग ने वोटिंग के ठीक बाद जारी किया था यह आंकड़ा

चुनाव आयोग ने तीसरे चरण की वोटिंग के ठीक बाद आंकड़ा जारी किया था। इसमें 64.40 फीसदी वोटिंग की बात सामने आई थी। चुनाव आयोग की कई कोशिशों के बावजूद तीसरे चरण में भी मतदान का आंकड़ा 2019 से कम ही रहा।

## देरी से आंकड़ा जारी करने पर कांग्रेस ने बोला था हमला

चुनाव आयोग की ओर से फाइनल आंकड़ा देरी से जारी करने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने हमला भी बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल उठाया था कि चुनाव आयोग का यह रवैया ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि देरी से आंकड़ा जारी करने की आखिर वजह क्या है? उन्होंने कहा कि पहले के चुनावों में आयोग 24 घंटे में फाइनल आंकड़ा जारी कर देता था, लेकिन अब देरी क्यों हो रही है। हालांकि खरगे के सवाल पर चुनाव आयोग ने सख्त नाराजगी जताई है। आयोग ने कहा है खरगे ने जिस तरह के बयान दिए हैं और आरोप लगाए हैं वे स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं हैं। इससे निष्पक्ष मतदान को लेकर भ्रम फैल सकता है।

| Sl. No. | State/UT | No. of PCs | VOTER Turnout (%) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Male | Female | Others | Total |
| 1 | Assam | 4 | 85.56 | 85.34 | 20.72 | 85.45 |
| 2 | Bihar | 5 | 53.57 | 65.20 | 5.90 | 59.15 |
| 3 | Chhattisgarh | 7 | 72.46 | 71.49 | 27.58 | 71.98 |
| 4 | Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu | 2 | 69.99 | 72.73 | | 71.31 |
| 5 | Goa | 2 | 75.42 | 76.66 | 75.00 | 76.06 |
| 6 | Gujarat | 25 | 63.52 | 56.56 | 30.77 | 60.13 |
| 7 | Karnataka | 14 | 72.96 | 70.73 | 21.03 | 71.84 |
| 8 | Madhya Pradesh | 9 | 69.70 | 63.53 | 42.57 | 66.75 |
| 9 | Maharashtra | 11 | 65.70 | 61.29 | 29.49 | 63.55 |
| 10 | Uttar Pradesh | 10 | 58.88 | 56.01 | 16.20 | 57.55 |
| 11 | West Bengal | 4 | 72.21 | 83.01 | 17.53 | 77.53 |
| | 11 States / UTs [93 PCs] | 93 | 66.89 | 64.41 | 25.20 | 65.68 |

## तीसरे चरण में किस राज्य में कितना मतदान

तीसरे चरण में असम में 85.45 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 71.98 फीसदी, बिहार में 59.15 फीसदी, गुजरात में 76.06 फीसदी, पश्चिम बंगाल में 77.53 फीसदी, यूपी में 57.55 फीसदी, कर्नाटक में 71.84 फीसदी और मध्य प्रदेश में 66.75 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया है। साल 2019 के मतदान प्रतिशत से तुलना करें तो 2024 के तीसरे चरण के कुल मतदान में करीब दो फीसदी कम मतदान रिकॉर्ड किया गया है।

# फूलों से सजाया मंदिर, आज खुलेंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

एजेंसी । देहरादून

केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के बाद अब रविवार को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। भगवान बद्रीनाथ की डोली शनिवार को धाम पहुंच गई है। बद्री विशाल के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम भगवान के दर्शनों के लिए यहां पहुंच रहे हैं। इससे पहले 15 क्विंटल फूलों से बद्रीनाथ मंदिर को सजाया गया। रविवार सुबह छह बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। सबसे पहले भगवान बद्री विशाल को यात्राकाल में लगाए जाने वाले तेल को पिराने (पीसने) की प्रक्रिया शुरू हुई। परंपरा है कि भगवान बद्री विशाल को प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे स्नान कराया जाता है। स्नान के उपरांत तिलों के तेल से भगवान का लेपन (मालिश) की जाती है।



### रावल धर्माधिकारी करेंगे पहले पूजा

सबसे पहले रावल धर्माधिकारी वेदपाठि मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद ही बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू होगी। सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने के बाद सबसे पहले माता लक्ष्मी गर्भ गृह से निकलकर मंदिर की परिक्रमा करेंगी और अपने मंदिर में विराजमान होंगी। इसके बाद कुबेर जी बामणी गांव से आकर मंदिर परिसर से उद्धव के साथ बद्रीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान हो जाएंगे।

### तिल के तेल से होती है पूजा

तिलों के तेल को भगवान के अभिषेक के लिए शुद्ध माना जाता है। साथ ही इसे अखंड ज्योति में भी प्रयोग किया जाता है। इसलिए इस तेल को सिलबट्टे पर पीसा जाता है, जिससे इसमें कोई मिलावट न हो। परंपरा है कि यह तेल सुहागिन महिलाएं ही पिरोती हैं। यह तेल टिहरी राजदरबार की महारानी के साथ मिलकर पीसा जाता है। इसके बाद इसे एक कलश में रखा जाता है जिसे गाडू घड़ा कहते हैं।

### सुहागिन महिलाओं ने तैयार किया तिल का तेल

महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह की मौजूदगी में शहर की कई सुहागिनों ने तेल निकाला। गणेश पूजन, मूसल पूजन, ओखल पूजन और अग्नि पूजन के बाद शहर की कई सुहागिनों और महारानी ने पीले वस्त्र धारण कर तिलों को कढ़ाई में भूना और ओखली और सिलबट्टा में पिसाकर तेल निकाला। गाडू घड़े को रविवार को सुबह बदरीनाथ के कपाट खुलने के मौके पर गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।

### गाडू घड़े को किया जाएगा स्थापित

गाडू घड़ा यात्रा उद्धव और कुबेर की डोली के साथ बद्रीनाथ धाम पहुंच गई है। रविवार सुबह छह बजे बद्रीनाथ के कपाट खुलने के साथ ही गाडू घड़े को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद रोजाना भगवान बद्री विशाल को इस तेल का लेपन किया जाएगा। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

## जरूरी खबर

### कवि, लेखक पद्मश्री डॉ. सुरजीत पातर का निधन



**चंडीगढ़।** पंजाब के मशहूर कवि डॉ. सुरजीत पातर का शनिवार को निधन हो गया, वे 79 वर्ष के थे। डॉ. पातर पिछले कई साल से लुधियाना रह रहे थे। उनके निधन की खबर मिलने के बाद देशभर के साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। बढ़ती उम्र के साथ-साथ उन्हें कई बीमारियों ने घेर लिया था और वे घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। शुक्रवार तक डॉ. पातर की हालत स्थिर बताई जा रही थी, लेकिन आशापुरी स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई है।

### दिल्ली में बरसेंगे बदरा, चलेगी धूल भरी आंधी

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने के आसार हैं। साथ ही, बारिश के साथ बिजली गरजने की भी संभावना है। इससे अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। कई दिनों से गर्मी से लोगों निजात मिलेगी। वहीं, शनिवार दोपहर में चिलचिलाती गर्मी और गर्म हवा ने परेशान किया। अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा।

## भारी मेकअप, लंबी बालियां व खुले बाल की अनुमति नहीं

# BSF में महिला सैनिकों के लिए नया ड्रेस कोड

एजेंसी । नई दिल्ली

बीएसएफ जवानों के लिए खासतौर से महिला जवानों के लिए ड्रेस कोड से संबंधित एक सर्कुलर जारी किया गया है। यह सर्कुलर फोर्स के जम्मू फ्रंटियर से जारी हुआ है। इसमें महिला जवानों को डयूटी के दौरान कहा गया है कि वह भारी मेकअप, लंबी बालियां, खुले बाल और चूड़ियों से परहेज करें। यह सब अनुशासन वाली फोर्स के लिए ठीक नहीं है। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि अगर किसी महिला जवान ने ड्रेस कोड के इन नियमों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।



बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि यह सर्कुलर हाल ही में 6 मई को निकाला गया था। इसकी जरूरत तब पड़ी जब कुछ महिला जवान वर्दी पहने हुए ऑन डयूटी हेवी मेकअप में नजर आईं तो कुछ लंबी-लंबी बालियां और खुले बालों में नजर आईं। ऐसे भी मामले सामने आए जिसमें महिला जवानों ने काफी अधिक फैंसी चूड़ियां पहनी। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ में ड्रेस कोड ही नहीं बाकी नियम भी काफी सख्त हैं। जो महिला-पुरुष सभी पर एक समान सख्ती से लागू होते हैं।

### ऑफ ड्यूटी में नहीं होगा लागू

बीएसएफ को शुरू से ही बड़ी अनुशासन वाली फोर्स माना जाता है। ऐसे में बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से ऐसा देखने को मिल रहा था। इसमें कुछ महिला जवान भारी मेकअप करके डयूटी पर आ रही थी। यह ठीक नहीं था। इसलिए यह सर्कुलर निकालने की जरूरत पड़ी। ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह से ऑन डयूटी वर्दी पहने हुए हेवी मेकअप, लंबी-लंबी बालियों और खुले बालों में नजर ना आएं। ऑफ डयूटी में उन पर इस तरह का कोई ड्रेस कोड लागू नहीं होता। सूत्रों का कहना है कि इस सर्कुलर के बाद ना केवल जम्मू बल्कि अन्य फ्रंटियर में भी जहां कहीं भी इस तरह से महिला जवान हेवी मेकअप कर रहीं थीं। वहां भी अब डयूटी के दौरान महिला जवान इससे बचते हुए ड्रेस कोड का पालन कर रही हैं।

### संसद की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाने की तैयारी

संसद की सुरक्षा को लेकर बड़े बदलाव की तैयारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ऐसे पैनल का गठन कर रहा है जो बताएगा कि क्या सीआईएसएफ जवानों को पूरी जिम्मेदारी सौंप दी जाए। इसमें सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधन से लेकर पास जारी करने तक का काम देखा जाएगा। फिलहाल ये जिम्मेदारियां पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस को सौंपी गई हैं, जो लगभग एक शताब्दी पुरानी वॉच एंड वार्ड कमेटी के तहत कार्य करती है। पिछले महीने, दिल्ली पुलिस के 150 कर्मियों की जगह सीआईएसएफ को लगाया गया था, जिन्हें पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस के साथ तैनात किया जाता रहा। यह बदलाव 13 दिसंबर को हुए सुरक्षा उल्लंघन को देखते हुए किया गया। इस दौरान कुछ लोग संसद भवन में घुसने और स्मोक कैन फेंकने में कामयाब रहे थे। ऐसे गंभीर मामलों को देखने के बाद अब इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सूत्र ने बताया कि पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की ताकत वैसे भी कम हो चुकी है, क्योंकि पिछले कई सालों से इसमें कोई नई भर्ती नहीं हुई है।

## गड्डियों से भरा 'छोटा हाथी' पलटा सड़क पर बिखर गए 7 करोड़



एजेंसी । हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में पुलिस ने गाड़ी से 7 करोड़ रुपए कैश जब्त किए हैं। मामले की पोल तब खुली जब गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया और सारा पैसा बीच रोड पर बिखर गया। मामला राज्य के पूर्वी गोदावरी जिले का है, जहां 'छोटा हाथी' गाड़ी में कुछ पेटियां रखी हुई थी। इस गत्तों में करोड़ों रुपए कैश था, लेकिन कैश ले जा रही इस गाड़ी को एक लॉरी ने



टक्कर मार दी और बीच सड़क पर ही गाड़ी पलट गई और सारा कैश बाहर आ गया। हादसे के बाद जब आस-पास के लोग गाड़ी चालक को बचाने पहुंचे सारा भेद खुल गया। गाड़ी में रखे कैश को देखकर लोगों के होश उड़ गए और उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सारा कैश जब्त कर लिया, जिसकी बाद में जब गिनती हुई तो कुल 7 करोड़ रुपए निकले। जानकारी के मुताबिक गाड़ी विजयवाड़ा से विशाखापट्टनम की ओर जा रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। घटना में गाड़ी चालक की गंभीर चोट आई हैं। उसे इलाज के लिए गोपालपुरम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मशीन से गिने गए पैसे

पुलिस ने कैश जब्त करके, फ्लाइंग स्क्वाड की मदद से उसकी काउंटिंग की। हालांकि अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि पैसे किसके हैं और कौन इसे भेज रहा था। आंध्र प्रदेश में ऐसी पहली घटना नहीं है जब लोकसभा चुनाव के बीच इतनी बड़ी संख्या में कैश जब्त हुआ है। आंध्र प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर चौथे फेज में 13 मई को चुनाव होने हैं।

### एक दिन पहले 8 करोड़ हुए थे जब्त

इससे पहले 10 मई को आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को पाइप से लदे हुए एक ट्रक में करीब 8 करोड़ रुपए मिले थे। एनटीआर जिले के गारिकापाडू चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान ये नकदी पकड़ी गई थी। चुनाव के बीच राज्य के कई इलाकों में आयोग के अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड की टीमें चेकिंग कर रही है।

## बस्तर में फोर्स के ऑपरेशन से कांप उठा लाल आतंक

एजेंसी । बस्तर

छत्तीसगढ़ में साल 2023 के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बस्तर पुलिस नक्सलियों के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक हो गई है। बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में अलग-अलग ऑपरेशन लॉन्च करके नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया जा रहा है। बीते 4 माह में जवानों ने 103 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों में लाखों और करोड़ों रुपए के इनामी नक्सली भी शामिल हैं। बस्तर में पिछले 3 सालों के मुकाबले पुलिस के लिए साल 2024 का यह 4 महीना काफी महत्वपूर्ण है। 4 महीनों में 26 बार जवानों का सामना नक्सलियों से हुआ है। इन मुठभेड़ों में बस्तर संभाग के कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में कई नक्सली मारे गए। बीजापुर में 46 नक्सली मारे गए। कांकेर जिले में 5 मुठभेड़ में 44 नक्सली मारे गए। दंतेवाड़ा जिले में 5 मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए। सुकमा जिले में 5 मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए। नारायणपुर जिले में 1 मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए।

## 6 आतंकियों के स्केच जारी, तीन अरेस्ट

एजेंसी । उधमपुर

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में हाल में हुए हमले में शामिल छह संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि संदिग्धों की जानकारी देने पर 5 से 10 लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की है। साथ ही पुलिस ने हमले में शामिल कठुआ के रहने वाले जाविद नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बीते 28 अप्रैल को उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल पर आतंकियों ने गोलीबारी की थी, जिसमें वीडीजी के जवान मोहम्मद शरीफ की मौत हो गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आतंकियों की तलाश जारी है। उधर, जम्मू और कश्मीर के शोपियां जिले से पुलिस ने दो आतंकियों को अरेस्ट किया है। दोनों आतंकियों के पास से कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है।

**आम चुनाव 2024**

# चौथे चरण की 96 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार... कल होगी वोटिंग

एजेंसी । नई दिल्ली

देश की 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव 2024 के तीन चरण पूरे हो चुके हैं और चौथे चरण का चुनाव सोमवार को होगा। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को थम गया। सभी पार्टियां जोर-शोर से चुनावी अभियान में जुटी हैं। इस चरण में दस राज्यों की करीब 96 सीटों पर मतदान होगा। इसमें 1717 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।




इस चरण में मोदी सरकार के पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व सीएम, एक एक्टर और दो क्रिकेटर समेत 1717 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25 सीटों, बिहार की 40 में से पांच सीटों, झारखंड की 14 में से चार सीटों, मध्य प्रदेश की 29 में से आठ सीटों, महाराष्ट्र की 48 में से 11 सीटों के लिए मतदान होगा। इसके अलावा ओडिशा की 21 में से चार सीटों, तेलंगाना की 17 की 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 80 में से 13 सीटों, पश्चिम बंगाल की 42 में से आठ सीटों, जम्मू-कश्मीर की पांच में से एक सीट के लिए वोट डाले जाएंगे।

### कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर

लोकसभा चुनाव के इस चरण में कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। इसमें एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी से लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव तक का नाम शामिल है। तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चुनाव में उतरे हैं। यहां पर बीजेपी ने ओवैसी के सामने माधवी लता को मैदान में उतारा है। पहली बार है जब एआईएमआईएम के गढ़ में ओवैसी के खिलाफ कोई महिला चुनाव लड़ रही है। इस लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की कन्नौज से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से बीजेपी की सुब्रत पाठक उन्हें चुनौती दे रहे हैं। उन्नाव सीट पर भाजपा ने तीसरी बार साक्षी महाराज को टिकट दिया है। यहां पर उनकी टक्कर सपा उम्मीदवार अन्नू टंडन से होनी है। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के भी भाग्य का फैसला 13 मई को जनता करने वाली है।

### आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा का मुकाबला अहलूवालिया से



तृणमूल कांग्रेस ने एक बार फिर से आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया से है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की सीट पर भाजपा ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रहे अजय मिश्रा टेनी को टिकट दिया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने इस बार कांग्रेस के गढ़ बहरामपुर में सेंध करने के लिए यूसुफ पठान को उतारा है। यहां पर उनका मुकाबला अधीर रंजन चौधरी के साथ ही बीजेपी उम्मीदवार निर्मल कुमार से भी है। झारखंड की सबसे हॉट सीट खूंटी पर इस बार बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को उतारा है। इस सीट पर उनका मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन की ओर से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा फिर से होना है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार की बेगूसराय सीट पर बीजेपी ने गिरिराज सिंह को उतारा है। उनका सामना महागठबंधन के प्रत्याशी अवधेश राय से होना है।

### टीवी फिल्मों के नन्हे स्टार्स ने की एक्टिविटीज, जयपुराइट्स ने किया सम्मानित

# नितेश की रामायण के 'रामलला' ने गुलाबी नगरी में बताई 'लीला'

**बेधड़क.जयपुर।** 'मैं हर रविवार को भीलवाड़ा से बेटे को लेकर जयपुर आती थी, ताकि वे एक्टिंग के गुर सीख सके। इसके बाद मुंबई की राह पकड़ी और कई ऑडिशन व स्क्रीन टेस्ट के बाद रणबीर कपूर के बचपन का रोल मिला। अब ये छोटा राम देश भर में भीलवाड़ा, जयपुर और राजस्थान का नाम रोशन करेगा।' यह कहना था बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर की अपकमिंग मूवी रामायण में एक्टर के बचपन का रोल निभाने वाले धनिक्ष की मां का, जो बेटे के साथ जयपुर में थीं। इस दौरान धनिक्ष ने रामायण की शूटिंग की यादें शेयर कीं। धनिक्ष डायरेक्टर नितीश तिवारी की रामायण का हिस्सा हैं तो अड़ानी ग्रीन्स के विज्ञापन में जयपुर से चाइल्ड आर्टिस्ट शौर्य पटेल, रुद्र शर्मा, देवज्ञ कुमावत भी दिखाई देंगे। शहर के प्रणय मालपानी, अनन्य गालव और यथार्थ हुंडई, जी टीवी के डेली सोप्स में लीड और गवर्नमेंट विज्ञापनों में हैं। सभी ने जर्नी शेयर की और अपने ऑडिशन व स्टडी के बारे में बताया।



#### एलुमिनाई मीट में मौजूद रहे नन्हें स्टार्स

कैंप में आए इन सभी स्टार्स ने परफॉर्मेंस और एक्टिंग टैलेंट से राजस्थान का नाम रोशन किया। जहां बच्चों ने ना सिर्फ ब्रांड्स के लिए टेलीविजन और एड इंडस्ट्री में काम किया, वहीं बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन भी शेयर करेंगे। इस मौके पर एक्ट टू एक्शन के एलुमिनाई मीट कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ये सभी नन्हें स्टार्स मौजूद रहे। गांधी पथ स्थित शांति जूनियर्स में हुए कार्यक्रम में इनको सम्मानित किया गया।

#### समर कैम्प के आयोजन की घोषणा

एक्ट टू एक्शन और शांति जूनियर्स की ओर से जयपुर समर कैम्प के आयोजन की भी घोषणा की गई। कैम्प में शहर के बच्चों को लाइफ स्किल्स, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर ट्रेनिंग देने के साथ ही कला के विभिन्न पहलू सिखाए। कृतेश अग्रवाल ने बताया कि 19 मई से 1 जून तक जयपुर के 6 अलग-अलग सेंटर्स पर कई एक्टिविटीज की जाएंगी।

## डॉ. गजेन्द्र ने गाई कबीर बाणी



**बेधड़क. जयपुर।** नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में कबीर वाणी कार्यक्रम में बनारस घराने के पंडित अनूप मिश्रा से दीक्षित गायक डॉ. गजेंद्र कुमार पांडेय ने सरिता प्रवाहित की। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि डॉ. गजेंद्र पांडेय ने शुरूआत उड़ जाएगा हंस अकेला, जग दर्शन का मेला से की। इसके बाद कबीर भजन रहना नहिं देस बिराना है, यह संसार कागज की पुड़िया, बूंद पड़े घुल जाना है और साधो, देखो जग बौराना सुनाया। गजेंद्र ने कबीर की वाणी के तहत जब जरा धीरे-धीरे गाड़ी हांको, मेरे राम गाड़ी वाले भजन सुनाया तो दर्शक मंत्र मुग्ध हो भक्ति रस में भीगते चले गए। इसके बाद उन्होंने मैं वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे म्हारे सतगुरु आंगन आया और बोले में काया में सुगनवा बड़ा लहरी जैसे कबीर के दोहे और भजनों को एक के बाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की उद्घोषणा रंगकर्मी दीपक भारद्वाज ने की। कार्यक्रम संयोजन नवल डांगी, प्रकाश व कैमरा संचालन मनोज स्वामी और संगीत संचालन सागर गढ़वाल ने किया। अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की मंच सज्जा ने कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए।

## वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

**बेधड़क. जयपुर।** किशनपोल बाजार के टिक्कीवालों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर बुधचंद बज में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज हुआ। अब रविवार को नवीन वेदियों में जयकारों के बीच जिनबिम्बों को विराजमान करेंगे। अध्यक्ष मोहनलाल बज व मंत्री सुभाष कुमार बज ने बताया कि शनिवार शाम 7:15 बजे से जैन सोश्यल ग्रुप हेरिटेज सिटी द्वारा भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान की 278वीं कड़ी का आयोजन हुआ। इस मौके पर समाजसेवी प्रमोद-रेणूका जैन ने मंडल पर शास्त्र विराजमान किया।

## जयपुर एलीट ने मैच जीता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 72 मैचों में से 61 नंबर का मैच खेला गया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि मेवो कॉलेज अजमेर के मैदान में खेले गए मैच में दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब व जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मुकाबले में जयपुर एलीट ने 4-0 से मैच जीता। रविवार को जिंक फुटबॉल अकादमी व सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच उदयपुर में मुकाबला होगा।

# City इवेंट्स

## श्रीलंका में लगेंगे एक हजार जयपुर फुट



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीलंका में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की ओर से श्रीलंका के दिव्यांगों को जयपुर फुट लगाए जाएंगे। ऐसे में कोलंबो वाबूनिया में शिविर लगाकर करीब 1 हजार लोगों को लाभांवित करने का प्रयास है। कोलम्बो में उद्घाटन समारोह के दौरान उच्चायुक्त संतोष झा, श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिथा बंदारा थेनाकून, रक्षा सचिव जनरल कमल कुनारत्ने, श्रीलंका के सेवाध्यक्ष बाइकूल आदि उपस्थित रहे।

## राकेश बेदी होंगे 'किलकारी' में सेलिब्रिटी



**बेधड़क. जयपुर।** कोलाज ऑफ किलकारी में इस बार मुंबई फिल्म-थिएटर एक्टर, डायरेक्टर, राइटर राकेश बेदी सेलिब्रिटी होंगे। 19 मई से 9 जून तक जयपुर में चलने वाली राजस्थान ललित कला अकादमी और क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर ऑर्गेनाइजेशन कोलाज ऑफ किलकारी रवींद्र मंच, सेंट्रल एकेडमी, ऑर्किड द इंटरनेशन स्कूल, संस्कार स्कूल में होगी। इस दौरान बेदी युवाओं से रूबरू होंगे।

## नर्सिंग डे आज, कई कार्यक्रम होंगे



**बेधड़क. जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे पर रविवार को महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नर्सिंग अधीक्षक राजेश पंजाबी ने बताया कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा। शिविर में नर्सिंग और अन्य संवर्ग के कार्मिक रक्तदान करेंगे। कैंप के पश्चात अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों को पानी पिलाने के लिए परिंडे बांधने का भी कार्यक्रम होगा। दोपहर 12 बजे से नर्सेज दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विभिन्न कार्यक्रमों में चिकित्सालय स्तर पर श्रेष्ठ नर्सेज को सम्मानित किया जाएगा। ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा वर्मा करेंगी।

### पाटोत्सव: पद्मश्री मधु पंडित दास आज देंगे व्याख्यान

# कृष्ण-बलराम निकले रथ यात्रा पर, भाव-विभोर हो नाचे भक्त




**बेधड़क | जयपुर**

श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में आध्यात्म की लहर दौड़ रही है। मंदिर में चल रहे 5 दिवसीय पाटोत्सव के दूसरे दिन रथ यात्रा निकाली गई। श्री श्री कृष्ण बलराम की रथ यात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए। यात्रा जगतपुरा फ्लाई ओवर से शुरू होकर श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर पहुंची। मंदिर में महारती का आयोजन किया गया। यात्रा को देखकर भक्त भाव-विभोर हो गए और उन्होंने अपने घरों- दुकानों से भगवान के दर्शन किए। यात्रा के लिए मंदिर में सुबह से ही भक्त आना शुरू हो गए जो देर शाम तक आते रहे। मंदिर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरुप दास ने बताया कि श्री श्री कृष्ण बलराम रथ यात्रा के लिए रथ को विशेष फूलों और लाइट्स से सजाया गया। भक्तों ने नाचते-गाते और हरिनाम संकीर्तन करते हुए भगवान का स्वागत किया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद जैसे ही यात्रा आरम्भ हुई पूरा माहौल आस्था और भक्ति से सराबोर हो गया। भक्त हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हुए यात्रा में चलते रहे और नृत्य करते रहे। पाटोत्सव में तीसरे दिन शिशुपाल वध नाटक का मंचन होगा तो चौथे दिन भजन संध्या और पांचवें दिन महाभिषेक होगा। पाटोत्सव में अक्षय पात्र चेयरमैन पद्मश्री मधु पंडित दास का आध्यात्मिक व्याख्यान होगा।

### सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजन

# भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान में गूंजे भगवान आदिनाथ के जयकारे



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 48 दीपकों से ऋद्धि मंत्रों युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान का संगीतमय आयोजन किया गया।

इस मौके पर मंदिर प्रांगण भगवान आदिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस दीप महार्चना का कमला देवी, पंकज-लता व पीयूष पाण्ड्या द्वारा भगवान शान्तिनाथ, भगवान महावीर स्वामी व भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। गायक सुशील झांझरी व शिखर चन्द जैन द्वारा भक्ति मय प्रस्तुति दी गई। ऋद्धि मंत्रों का वाचन शैलेन्द्र जैन द्वारा किया गया।

इससे पूर्व विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप श्रद्धालुओं ने किया। अंत में महाआरती व भक्तामर महिमा के साथ समापन हुआ। इस मौके पर तारा चन्द चांदवाड़, धनेश सेठी, विमल गोधा, गौतम पाटोदी, प्रदीप छाबड़ा, महावीर पाटनी, राजेन्द्र जैन, रवि बड़जात्या, सुरेश कोठ्यारी, प्रेम देवी कासलीवाल, महेश देवी, दीपिका जैन कोटखावदा, नीरु छाबड़ा, पुष्पा पाटोदी, सुधा बड़जात्या, सुधा जैन, ऋतु सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**पोस्टर हुआ लॉन्च** | महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर होगा सवर्ण शक्ति सम्मान सम्मेलन

# महिला सशक्तीकरण के लिए 50 महिलाएं होंगी सम्मानित

**बेधड़क | जयपुर**

आमतौर पर किसी कार्यक्रम में महिलाओं को सबसे पीछे रखा जाता है, लेकिन इस प्रोग्राम की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में रहेगी और उनको सम्मान दिया जाएगा। इससे उनको सर्वोपरी रखते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास रहेगा। यह कहना था सवर्ण शक्ति संघ के पदाधिकारियों का, जो महिला सशक्तीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शहर की 50 महिलाओं को सवर्ण शक्ति सम्मान से नवाजेंगे। अवसर होगा महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर 8 जून को विद्याश्रम स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित सवर्ण शक्ति सम्मान सम्मेलन का।



#### देश भर के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

संघ की ओर से मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर महिला शक्ति ने सवर्ण शक्ति सम्मान सम्मेलन का पोस्टर विमोचन किया। सवर्ण शक्ति संघ प्रमुख राहुल द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। इन्हीं के समर्पण भाव से प्रेरित होकर संघ की ओर से पहले शक्ति सम्मान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण से लेकर ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के विषय में चर्चा होगी। साथ ही राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर मंथन किया जाएगा।

**यह रहे कार्यक्रम में उपस्थित**

सवर्ण शक्ति सम्मान सम्मेलन पोस्टर लॉन्च के मौके पर विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक कुलदीप सुरोलिया ने बताया कि सैल्यूट तिरंगा अध्यक्ष राजेश झा, सुनील मुद्गल, सुरेंद्र खानडी, महेंद्र मोदी, तुषार शर्मा, चंदन कुमार, जसवंत चौहान, चित्रा गौतम, कमलेश राठौर, प्रतिभा पुरोहित, वंदना शर्मा, दिव्या द्विवेदी, अनीता ठाकुर, रश्मि त्रिवेदी, अंजना शर्मा, अनीता सक्सेना, आरती अग्रवाल, नीलम शर्मा, कुसुम शर्मा, शिखा शर्मा, रीता चौहान सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**बाइडेन को शक-इजराइल ने अमेरिकी हथियारों का किया गलत इस्तेमाल**

# सबूत नहीं जुटा पा रहा अमेरिका... हथियार सप्लाई जारी

## रिपोर्ट में दावा... इजराइली आर्मी ने कुछ हथियारों को लेकर पूरी जानकारी नहीं दी है

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें यह शक जताया गया है कि गाजा में इजराइल ने अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक नहीं किया है, जिससे मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

हालांकि, अमेरिका ने यह भी कहा है कि वह गाजा में युद्ध के कारण ऐसे पुख्ता सबूत नहीं ढूंढ सका है। इसलिए आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका हथियारों की सप्लाई को जारी रखेगा। दरअसल. अमेरिकी सांसदों ने फरवरी में इजराइल पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसके बाद फरवरी में ही राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक जांच कमेटी बनाई थी। इसने 7 अक्टूबर से अप्रैल के अंत तक हुई घटनाओं को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की। इसे अब जारी किया गया है। अमेरिकी सांसदों ने गाजा में मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसकी जांच के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जांच कमेटी बनाई थी। अमेरिकी सांसदों ने गाजा में मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसकी जांच के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जांच कमेटी बनाई थी।





इजराइल के हमलों से गाजा में अब तक 34,900 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। मरने वालों में 14 हजार से ज्यादा बच्चे और 9 हजार से ज्यादा महिलाएं हैं।

### इजराइल ने अमेरिका से छिपाई जानकारी

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल ने (नेशनल सिक्योरिटी मैमोरेंडम) NSM-20 के तहत आने वाले हथियारों को लेकर पूरी जानकारी नहीं दी है। इसके चलते ये निष्कर्ष निकालना मुश्किल हो रहा है कि इजराइल ने अमेरिका के दिए हथियारों को किसके खिलाफ इस्तेमाल किया । बाइडेन प्रशासन ने फरवरी में अमेरिका से सैन्य सहायता हासिल करने वाले देशों से एक मेमोरेंडम साइन करवाया था। इसे NSM-20 नाम दिया गया था। इस मेमोरेंडम के तहत सैन्य सहायता प्राप्त करने वाले देशों देशों से लिखित आश्वासन लिया गया था कि वे अमेरिकी हथियारों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक करेंगे। इसी के आधार पर अमेरिका भविष्य में उन देशों को सैन्य सहायता देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल ने 7 अक्टूबर के बाद NSM-20 के तहत आने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

### 7 अक्टूबर के बाद ऐसा किया

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल ने 7 अक्टूबर के बाद NSM-20 के तहत आने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमास अक्सर खुद को बचाने के लिए लोगों को ढाल बनाता है। वहीं, अमेरिकी सैनिकों की गाजा में मौजूदगी नहीं होने के चलते वो सटीक आकलन नहीं कर पा रहे हैं। इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए फिलहाल अमेरिका को नहीं लगता है कि इजराइल ने नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति खुले तौर पर कह चुके है कि अगर इजराइल राफा में मिलिट्री ऑपरेशन करता है, तो वे मदद रोक देंगे। अमेरिकी बमों की एक खेप को रोक भी चुका है।

### अमेरिका ने इजराइल को कौनसे हथियार भेजे

अमेरिकी मीडिया के मुताबिक अमेरिका ने इजराइल को गाजा में जंग के बीच 155 मिलिमीटर के 52,229 M795 आर्टिलेरी शेल्स, होवित्जर तोपों के लिए 30 हजार गोले भेजें हैं। इजराइल को 320 मिलियन डॉलर के डंब बम भी दिए गए हैं जिनमें GPS लगाकर उन्हें सटीक हमला करने में कारगर बनाया जा सकता है। एयरडिफेंस सिस्टम, टैंक, हेलफायर मिसाइलें और कंधे पर रखकर चलाए जाने वाले रॉकेट भी भेजे हैं।

**पाकिस्तान फिर दिवालिया होने की राह पर...**

# इस बार IMF भी नहीं बचाएगा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

कंगाल पाकिस्तान एक बार फिर बर्बादी की राह पर चल रहा है। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी ताजा स्टाफ रिपोर्ट में इस बारे में चेतावनी दी है।

शुक्रवार को जारी अपनी रिपोर्ट में आईएमएफ ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक जोखिम को असाधारण रूप से उच्च बताया है। ये रिपोर्ट कर्ज को लेकर पाकिस्तान सरकार के साथ संगठन की होने वाली बातचीत से पहले आई है। इसमें पाकिस्तान सरकार की अस्थिरता को लेकर चिंता जताई गई है। आईएमएफ का एक मिशन नए लोन प्रोग्राम पर चर्चा के लिए इसी महीने पाकिस्तान पहुंचने वाला है, लेकिन इस रिपोर्ट ने इस्लामाबाद की चिंता बढ़ा दी है।

पाकिस्तान को स्टैंडबाय व्यवस्था (SBA) के तहत फंड देने की दूसरी और अंतिम समीक्षा के बाद मुद्रा कोष ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'नकारात्मक जोखिम असाधारण रूप से उच्च बने हुए हैं। हालांकि, नई सरकार ने स्टैंडबाय व्यवस्था को जारी रखने के अपने इरादे का संकेत दिया है, लेकिन राजनीतिक अनिश्चितता महत्वपूर्ण बनी हुई है।'



### पाकिस्तान को कर्ज देने पर हिचहिचाकट

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएमएफ ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और उच्च लागत आर्थिक नीति पर असर डाल सकती है। इसके साथ ही इसमें पाकिस्तान को कर्ज दिए जाने को लेकर भी हिचहिचाकट जाहिर की गई है। आईएमएफ ने यह भी कहा कि कमोडिटी की ऊंची कीमतें और सख्त वैश्विक वित्तीय स्थिति नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की के लिए बुरा साबित होगी। बता दें, पिछले महीने ही पाकिस्तान ने आईएमएफ से मिले 3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की आखिरी किस्त हासिल की थी, जिसके चलते वह डिफाल्ट होने से बाल-बाल बचा था।

### प्रिंस सलमान ने भी दिया झटका

पाकिस्तान सऊदी अरब को अपना सबसे करीबी देश मानता है। पाकिस्तानी पीएम शहबाज भी दूसरी बार पीएम बनने के बाद सबसे पहले सऊदी की यात्रा पर गए थे, लेकिन इसी सऊदी ने पाकिस्तान को झटका दिया है। सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान में यात्रा होने वाली थी, जो फिलहाल टल गई है। इस हाई प्रोफाइल विजिट के टलने की खबर आने के बाद पाकिस्तान को जवाब देते नहीं बन रहा है। जियो न्यूज के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारियों ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि सऊदी और पाकिस्तान के बीच यात्रा पर विचार विमर्श चल रहा है।


**कुदरत का अजूबा: सूरज से उठा महाशक्तिशाली**

# रात में चमका आसमान, नजर आई जन्नत

**एजेंसी** | लंदन

महाशक्तिशाली सौर तूफान ने शुक्रवार को धरती से टकराने के बाद पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को सुपरचार्ज कर दिया। इस घटना के चलते ब्रिटेन और जर्मनी में आसमान नॉर्दर्न लाइट से जगमगा उठा, जिसे देखकर लोग हैरान हो उठे।

अमेरिका के नेशनल समुद्रीय और वायुमंडलीय प्रशासन (NOAA) ने बताया कि सूर्य के अंदर हुई बड़ी हलचल के बाद तेज लपटें बाहर उठी है, जिससे कोरोनल मास इजेक्शन (प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्रों के उत्सर्जन) हुआ है। इस मास इजेक्शन के बाद चुंबकीय तूफान पैदा हुआ जो शुक्रवार को पृथ्वी से टकराया। इसके चलते नॉर्दर्न लाइट बहुत तेजी से आसमान में चमकने लगी।



### ब्रिटेन के बड़े इलाके में चमका आकाश

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन के उत्तर पूर्वी तट पर स्थिथ एसेक्स, कैंब्रिजशायर और वोकिंघम में नॉर्दर्न लाइट को बहुत साफ देखा गया। इसके अलावा इस रोशनी को केंट, हैंपशायर और लिवरपूल में भी इसे देखा गया। एसेक्स की रहने वाली कैथलीन क्यूनिया ने गार्डियन से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, नॉर्दर्न लाइट को देखना वास्तव में आश्चर्यजनक था। आयरलैंड में भी नॉर्दर्न लाइट को देखा गया है।

### नासा ने क्या कहा...

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने बताया है कि उसकी सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने सूरज में हुए विस्फोट की फोटो खींची है। वैज्ञानिकों के अनुसार सूरज की सतह पर होने वाले सनस्पॉट के जरिए हर 11 साल में सूर्य कम और उच्च सौर गतिविधि का अनुभव करता है। ये सनस्पॉट सूर्य की सतह पर अंधेरे क्षेत्र होते हैं, जो लगातार बदलने चुंबकीय क्षेत्रों से संचालित होते हैं। इनमें से कुछ पृथ्वी के आकार से भी कई गुना बड़े हो सकते हैं। सौर चक्र के दौरान सूर्य शांत से तीव्र और सक्रिय अवधि में बदल जाता है। इस हलचल के चरम होने के दौरान सूर्य के चुंबकीय ध्रुव पलट जाते हैं और बड़ी मात्रा में चुंबकीय प्रवाह रिलीज होता है।

**कुवैत में डिक्टेटरशिप!**

# अमीर शेख ने भंग की संसद, संविधान निलंबित

**एजेंसी** | कुवैत सिटी

कुवैत में राजनीतिक और संवैधानिक संकट खड़ा हो जाने से खाड़ी का यह देश दुनियाभर में सुर्खियों में आ गया है। अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-सबा ने शुक्रवार को एक टेलीविज़न भाषण में ऐलान किया कि उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने कुछ संवैधानिक कानूनों को चार साल से अधिक की अवधि के लिए निलंबित कर दिया। स्टेट टीवी ने बताया कि नेशनल असेंबली की शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट ग्रहण करेंगी। एक तरह से देश में डिक्टेटरशिप लागू हो गया है। अमीर ने कहा, "कुवैत इन दिनों कुछ कठिन समय से गुजर रहा है जिससे देश को बचाने और अपने बड़े हितों को सुरक्षित करने के लिए कठिन निर्णय लेने में झिझक या देरी की कोई गुंजाइश नहीं है।" कुवैत में विधायिका अन्य खाड़ी राजशाही में समान निकायों की तुलना में अधिक प्रभाव रखती है, और दशकों से राजनीतिक गतिरोध के कारण कैबिनेट में फेरबदल और संसद को भंग करना पड़ा है।

शेख मिशाल अल-अहमद अल-सबह पिछले दिसंबर में कुवैत के नये अमीर घोषित किए गए थे। उनसे पहले उनके भाई शेख नवाफ अल-अहमद अल-सबह वहां के अमीर थे। उनके निधन के बाद उनको नया अमीर घोषित किया गया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।